

मां दुर्गा जी की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है और नवरात्रि के आठवें दिन इनकी पूजा की जाती है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 282 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड







फास्ट न्यूज

## कल्याणकारी योजनाओं को मिलेगी गति

नई दिल्ली: केंद्र सरकार अपनी कल्याणकारी योजनाओं को पूर्ण रूप से लागू करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू करेगी। सूत्रों ने बताया कि दिवाली के बाद विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत होगी। इसके तहत कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर

**छह महीने का रखा गया लक्ष्य:** सूत्रों के हवाले से बताया कि इसके तहत कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में तेजी लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने इसके लिए छह महीने का लक्ष्य निर्धारित किया है। सूत्रों के मुताबिक, केंद्र सरकार 2.7 लाख पंचायतों में 'विकित भारत संकल्प यात्रा' की शुरूआत करेगी।

**2.7 लाख पंचायतों में होगी शुरूआत:** आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पूरी तरह से लागू करने के लिए छह महीने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए देशभर में 2.7 लाख पंचायतों में एक मेगा कैंपेन शुरू करेगी।

**पीएम मोदी ने तेजी का दिया था सुझाव:** सूत्रों ने कहा कि पीएम मोदी ने हाल ही में कैबिनेट की बैठक में अपने सहयोगियों को कड़ी मेहनत करने के लिए कहा था। पीएम मोदी ने योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित किया था, ताकि योजनाओं में गति लाया जा सके।

## चंद्रशेखर राव पर बरसे राहुल गांधी

**तेलंगाना:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के प्रमुख के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) पर प्रहार करते हुए कहा कि तेलंगाना के लोगों ने सोचा था कि नए राज्य के गठन के बाद जनता का शासन होगा, लेकिन राज्य बना तो उस पर एक ही परिवार का शासन चल रहा है। राज्य का पूरा फंड चाहे जमीन, बालू या शराब हो सभी कुछ एक अकेले परिवार के नियंत्रण में है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने को तेलंगाना के गतल में विजयभेरी यात्रा के दौरान एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों को लगा कि तेलंगाना राज्य में जनता का शासन होगा, लेकिन राज्य का गठन हुआ तो एक अकेले परिवार का ही शासन स्थापित हुआ।

# गगनयान मिशनः उड़ान सफलता की

= गगनयान के पहले टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 सफलतापूर्वक लॉन्च, गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत तीन अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष की सैर कराई जाएगी

लॉन्च

8 गगनयान के पहले टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट टीवी-डी1 को श्रीहरिकोटा से सफलतापूर्वक लॉन्च किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) लगातार अंतरिक्ष के क्षेत्र में अपनी शक्ति बढ़ा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को एजेंसी ने गगनयान के पहले टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन-1 (टीवी-डी1) को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से सफलतापूर्वक लॉन्च किया। हाल के दिनों में चंद्रयान-3 की चन्द्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग और आदित्य-एल1 की लॉन्चिंग दुनियाभर में चर्चा का विषय रहे। अब इसरो की नजर गगनयान मिशन पर है जिसके तहत तीन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाया जाएगा।

**क्या है गगनयान मिशन?:** गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है जिसके तहत तीन अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष की सैर कराई जाएगी। इस मिशन को अगले साल के आखिर या 2025 की शुरूआत तक भेजा जा सकता है।

2024 में मानव रहित परीक्षण उड़ान होगी, जिसमें एक व्योममित्र रोबोट भेजा जाएगा।



### परीक्षण का रूसी मिशन से है कनेक्शन

**रूसी** मिशन सोयुज एमएस-10 मिशन को 11 अक्तूबर 2018 को लॉन्च किया गया था। इस मिशन में रूसी एजेंसी रोस्कोस्मोस ने अपने सदस्य अलेक्सेय ओवचिनीन और नासा ने अपने सदस्य निक हेग को भेजा था। टेक-ऑफ के बाद मिशन कंट्रोल ने घोषणा की कि एक बूस्टर फेल हो गया। 35 वर्षों में पहली बार हुआ जब कोई रूसी बूस्टर असफल हुआ लेकिन क्रू लॉन्च एस्केप सिस्टम की वजह से क्रू बचने में सफल रहे। लॉन्चिंग के बाद क्रू कैप्सूल को लॉन्च व्हीकल से अलग कर लिया गया था। यही कारण है कि इसरो ने रूस के अनुभव से सीख ली है कि मानव मिशन में क्रू की सुरक्षा सर्वोपरी होनी चाहिए।

### खास सूची में शामिल हो जाएगा भारत

**गगनयान** मिशन सफल होता है, तो भारत उन देशों की एक खास सूची में शामिल हो जाएगा, जिन्होंने खुद चालक दल अंतरिक्ष यान लॉन्च किया है। वर्तमान में ऐसा मुकाम हासिल करने वाले देश केवल अमेरिका, रूस और चीन ही हैं।

**भारत और भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री:** कैप्टन राकेश शर्मा अंतरिक्ष मे जाने वाले भारत के पहले व्यक्ति हैं। 1984 में इसरो और रूस के इंटरकस्मिक कार्यक्रम के एक संयुक्त अंतरिक्ष अभियान के अंतर्गत राकेश शर्मा आठ दिन तक अंतरिक्ष में रहे। राकेश उस समय भारतीय वायुसेना के स्क्वाड्रन लीडर और विमानचालक थे। वहीं कल्पना चावला अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के जरिए अंतरिक्ष जाने वाली भारतीय मूल की पहली महिला थीं।

### टीवी-डी1 के पहले परीक्षण में देरी क्यों हुई?

**गगनयान** मिशन के लिए टेस्ट उड़ान टीवी-डी1 को सुबह 8 बजे लॉन्च किया जाना था। हालांकि, लॉन्चिंग से 5 सेकंड पहले टेस्ट को रोक दिया गया। इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ ने इसका कारण बताते हुए कहा, 'लिफ्ट-ऑफ का प्रयास नहीं हो सका...व्हीकल सुरक्षित है... हम जल्द ही वापस लौटेंगे... जो कंप्यूटर काम कर रहा है उसने लॉन्च रोक दिया है... हम इसे ठीक करेंगे और जल्द ही लॉन्च शेड्यूल करेंगे।' हालांकि, गगनयान की टेस्ट फ्लाइट सुबह 10 बजे सफलतापूर्वक लॉन्च कर दी गई।

### टीवी-डी-1 टेस्ट मिशन की अहमियत क्या है?

2025 में जब भारत के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष अभियान गगनयान के तहत अंतरिक्ष यात्री धरती से 400 किमी ऊपर अंतरिक्ष में तीन दिन बिताने जाएंगे, तब किसी भी वजह से अंतरिक्ष यात्रियों को नहीं खोना पड़े, इसके लिए कुल छह परीक्षण की श्रृंखला में यह पहला परीक्षण है। इसरो के इस परीक्षण से क्रू इस्केप सिस्टम (सीईएस) की क्षमता और दक्षता के बारे में विस्तार से जानकारी मिलेगी। इसके अलावा किसी आपात परिस्थिति में अभियान को बीच में ही रद्द किए जाने पर अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित बचाने की रणनीति को फेल-सेफ बनाने में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय अंतरिक्ष इसरो के मुताबिक, फ्लाइट टेस्ट व्हीकल अबॉर्ट मिशन1 में किसी अनहोनी की दशा में अंतरिक्ष यात्रियों को बचाने में यह क्रू-एस्केप प्रणाली काम आएगी। उड़ान भरते समय अगर मिशन में गड़बड़ी हुई तो यह प्रणाली क्रू मॉड्यूल के साथ यान से अलग हो जाएगी, कुछ समय उड़ेगी।

## नूंह जिला के नल्हड़ गांव पहुंचे सीएम खट्टर

पूजा-अर्चना

8 सीएम ने महादेव मंदिर में की पूजा-अर्चना, हिंसा में मारे गए शक्ति सिंह के घर पहुंचे



**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को नूंह जिला के नल्हड़ गांव में स्थित नल्हेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख व समृद्धि की कामना की। इस दौरान उन्होंने वहां के निवासियों से बातचीत की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने नूंह हिंसा में मारे गए भादस गांव के शक्ति सिंह के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि शक्ति सिंह के बच्चों का किसी अच्छे स्कूल में दाखिला करवाया जाए तथा इनकी देखभाल करें। सनद रहे कि 31 जुलाई को भादस गांव के 35 वर्षीय शक्ति सिंह की नूंह हिंसा में मौत हो गई थी।

## मणिपुर हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील की अनुमति मिली

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**मणिपुर** हाईकोर्ट ने राज्य के आदिवासी संगठनों को 27 मार्च के आदेश के खिलाफ अपील दायर करने की अनुमति दी है। आदेश में राज्य सरकार को निर्देश दिया गया था कि वह मैतेई समुदाय को एसटी दर्जा देने के लिए सिफारिश भेजे। जस्टिस अहनथेम बिमोल और जस्टिस गुणेश्वर शर्मा की बेंच ने अपने 19 अक्टूबर के आदेश में अपील की अनुमति दी है।

## ...बात पिताजी तक न पहुंचेः अखिलेश यादव

**टीम एक्शन इंडिया/हरदोई**

**अखिलेश** यादव को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के बयान जिसने अपने पिता का सम्मान नहीं किया वो हमारा क्या सम्मान करेगा पर अखिलेश यादव ने संयत भाषा में जवाब दिया। पत्रकारों से वार्ता के दौरान पूर्व सीएम ने कहा बात पिता जी तक न पहुंचे तो अच्छी बात है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के लोग भी जवाब देना जानते हैं। विधानसभा में भी डिप्टी सीएम और सीएम को इस तरह की बातों का जवाब दिया जा चुका है। पर हम किसी उलझनों में फंसना नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ये बयान उन लोगों की ओर से आ रहे हैं, जिनकी आईएनडीआईए की गठबंधन की बैठक में कुर्सी भी नहीं थी।

**कमलनाथ को भी दिया जवाबः** कांग्रेस नेता कमलनाथ के अखिलेश-वखिलेश के बयान पर कहा हमारे कमलनाथ जी के अच्छे संबंध हैं। उनके नाम में कमल है, देखों कितना अच्छा नाम है, जिसके नाम में कमल होगा वो अखिलेश कहेंगे, वखिलेश तो नहीं कहेंगे।

राहत

### मुख्यमंत्री ने 9.72 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी की

## कुल्लू से आपदा प्रभावितों के पुनर्वास की शुरूआत, राहत राशि वितरित

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/ श्याम कुल्वी**



**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इस वर्ष बरसात के दौरान भारी बारिश, भू-स्खलन तथा बाढ़ से आई आपदा से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की शुरूआत आज कुल्लू जिला से की और प्रभावितों को विशेष राहत पैकेज के लाभ प्रदान किए। कुल्लू के रथ मैदान से मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर जिला कुल्लू में मकान बनाने के लिए पहली किस्त के रूप में 9.72 करोड़ रुपए की राहत राशि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से जारी की। यह मुआवजा राशि जिला में आपदा के दौरान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त घरों के मालिकों को उनके पुनर्वास के लिए प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत जुलाई माह में कुल्लू से उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों की शुरूआत की थी और आज यहीं से राहत राशि बांटने की योजना का भी शुभांरभ किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के संसाधन सीमित हैं, लेकिन वर्तमान सरकार प्रभावितों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आम आदमी और गरीब की सरकार है तथा उनके दुःख.दर्द को बेहतर ढंग से जानती है। इसीलिए 75 हजार करोड़ का कर्ज और सरकारी कर्मचारियों की 10 हजार करोड़ की देनदारियां होने के बावजूद राज्य सरकार ने आपदा प्रभावित परिवारों के लिए 4500 करोड़ रुपए का विशेष राहत पैकेज जारी किया है।

जिसके तहत पूरी तरह से क्षतिग्रस्त घर पर दिए जाने वाले 1.30 लाख रुपये के मुआवजे को साढ़े पांच गुणा बढ़ाकर सात लाख रुपये किया गया है। इसके अलावा कच्चे मकान के आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने पर मुआवजे को 25 गुणा बढ़ाते हुए 4000 रुपये से एक लाख रुपये तथा पक्के घर को आंशिक क्षति होने पर मुआवजे को साढ़े 15 गुणा बढ़ाकर एक लाख रुपये किया गया है।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि दुकान तथा ढाबा के क्षतिग्रस्त होने पर मुआवजे को 25 हजार रुपये से चार गुणा बढ़ाकर एक लाख रुपये किया गया



# दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप-2 के प्रतिबंध लागू

## इन प्रतिबंधों के तहत सरकार पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के इस्तेमाल पर जोर डाल रही, प्राइवेट वाहनों की पार्किंग शुल्क में बढ़ोतरी कर रही

**सख्ती**

8 सरकार मेट्रो और इलेक्ट्रिक बसों के फेरे भी बढ़ा रहा है। पानी के छिड़काव करने के भी निर्देश दिए गए हैं





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली-** एनसीआर में वायु प्रदूषण को लेकर सरकार ने एक कड़ा फैसला ले लिया है। दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप-2 के प्रतिबंध लागू कर दिए गए हैं। इन प्रतिबंधों के तहत सरकार पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के इस्तेमाल पर जोर डाल रही है। सरकार प्राइवेट वाहनों की पार्किंग शुल्क में बढ़ोतरी कर रही है। ग्रेप-2 के नियमों के तहत केंद्र सरकार दिल्ली और एनसीआर में पार्किंग शुल्क बढ़ा देगी, जिससे पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल किया जाए। सरकार मेट्रो और इलेक्ट्रिक बसों के फेरे भी बढ़ा रहा है। इसके अलावा सड़कों पर धूल के कणों को कम करने के लिए पानी के छिड़काव करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

**वाहन चालक प्रदूषण को लेकर नहीं गंभीर:** वाहनों से निकलने वाला धुआं वायु को सबसे ज्यादा प्रदूषित करता है, बावजूद इसके वाहन चालक बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के अपने वाहनों को राजधानी की सड़कों पर दौड़ा रहे हैं। दिल्ली यातायात पुलिस द्वारा लगातार इसको लेकर काईवाई की जा रही है। कार्रवाई के आंकड़ों पर गौर करें तो इस वर्ष गत वर्ष की तुलना में प्रदूषण प्रमाण पत्र बिना चालान किए गए वाहनों की संख्या 46 प्रतिशत अधिक है। गत वर्ष 15 अक्टूबर तक 108100 चालान किए गए थे जबकि इस वर्ष 158762 चालान किए गए हैं। यातायात पुलिस के विशेष आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि यातायात पुलिस शहर में वायु प्रदूषण की जांच के लिए विभिन्न कदम उठा रही है, जिसमें उच्चतम न्यायालय, दिल्ली उच्च न्यायालय, राष्ट्रीय हरित अधिकरण, पर्यावरण विभाग आदि ने वायु गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए जारी निर्देशों का प्रवर्तन शामिल है। चलने वाले वाहनों के लिए वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र ( पीयूसीसी) होना और इसकी प्रतिलिपि रखना अनिवार्य है। इसके पीछे मुख्य उद्देश्य केवल उन वाहनों को सड़कों पर अनुमति देना है जो भारत सरकार द्वारा विनियमित उत्सर्जन मानदंडों का पालन कर रहे हैं।
वैध पीयूसीसी के बिना चलने वाले वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम, 1988 और 115 केंद्रीय मोटर वाहन नियम, 1989 की धारा 190 (2) के तहत मामला दर्ज किया जाता है और निर्धारित दंड 10,000 रुपये का जुर्माना है, जिसमें पहले अपराध के दौरान तीन महीने के लिए वाहन चालक के लाइसेंस का निलंबन भी शामिल है।

### दिल्ली में अगले 5 दिन खराब रहेगी हवा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** में ठंड बढ़ने के साथ अब वहां स्मॉग का खतरा बढ़ने वाला है। अगले दो दिन तक सुबह के समय हल्की धुंध नजर आ सकती है। 23 अक्टूबर से दिल्ली-एनसीआर के इलाकों पर एक ताजा सिस्टम का प्रभाव दिखेगा। हवा का रफ्तार कम होने से दिल्ली में प्रदूषण बढ़ेगा। मौसम विभाग ने कहा है हवा की दिशा बदलने और रफ्तार कम होने के चलते अगले 4-5 दिनों के बीच एयर क्वॉलिटी इंडेक्स 200 के पार यानी हवा खराब श्रेणी में रह सकती है। इस बीच केंद्र के साथ राज्यों की एक संयुक्त बैठक में दिल्ली सरकार ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय से दिल्ली में पटाखों पर पूरी तरह से बैन लगाने की बात कही।

**दिल्ली के मंत्री ने कहा- पड़ोसी राज्यों से आता है प्रदूषण:** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मीडिया से बातचीत में कहा कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के पर्यावरण मंत्रियों के साथ बैठक की थी। इस बैठक के दौरान दिल्ली ने पूरे एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए कई उपाय सुझाए। इससे पहले, गोपाल राय ने केंद्र से सर्दियों के मौसम के दौरान प्रदूषण से निपटने के लिए एक प्लान बनाने के लिए सभी एनसीआर राज्यों की एक बैठक बुलाने का अनुरोध किया था। उस लेटर में राय ने कहा था कि दिल्ली सरकार ने सर्दियों के मौसम के दौरान वायु प्रदूषण को रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन ये कदम तब तक प्रभावी नहीं होंगे जब तक कि हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश एनसीआर में प्रदूषण पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

### मुंबई में लापरवाही बरतने वालों का काम बंद करने की चेतावनी

**दिल्ली** के अलावा मुंबई में भी एयर क्वॉलिटी खराब होने लगी है। बृहन्मुंबई नगर निगम ने चेतावनी दी है कि अगर धूल और प्रदूषण रोकने के उपाय नहीं किए गए तो वह उन कंस्ट्रक्शन साइट को बंद करवा देगी जो नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। एक ऑफिशियल नोटिस में नगर निगम आयुक्त इकबाल सिंह चहल के हवाले से शुक्रवार को कहा गया कि वर्तमान में शहर में 6,000 साइटों पर निर्माण कार्य चल रहा है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों से पता चला है कि दिन के दौरान शहर में कई स्थानों पर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 200 (खराब) से ऊपर था। जिसके बाद नगर निगम आयुक्त ने कहा कि, सभी साइट पर मानकों का पालन हो। जो लापरवाही बरत रहे हैं उनका निर्माण रोक दिया जाएगा, चाहे वह निजी हो या सरकारी काम।

# ईडी ने किया थर्ड डिग्री टॉर्चर: पिल्लई

## अरुण पिल्लई ने जांच एजेंसी पर लगाए गंभीर आरोप



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाईकोर्ट ने आबकारी घोटाले से संबंधित मनी लांड्रिंग मामले में अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती देने वाली हैदराबाद के व्यवसायी अरुण रामचंद्र पिल्लई की याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब दाखिल करने को कहा।

**ईडी ने किया थर्ड डिग्री टॉर्चर:** याचिका में पिल्लई ने कहा है कि जानकारी प्राप्त करने के लिए ईडी ने थर्ड डिग्री टार्चर (किसी आरोपित से पूछताछ करने वाले पुलिस अधिकारियों द्वारा की गई शारीरिक व मानसिक यातना) किया है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांत शर्मा की पीठ ने जांच एजेंसी से याचिका की विचारणीयता को लेकर जवाब दाखिल करने को कहा। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता नितेश राणा ने दलील दी कि ईडी का छह मार्च का गिरफ्तारी आदेश और ट्रायल कोर्ट द्वारा उनके मुवक्किल को एजेंसी और फिर न्यायिक हिरासत में भेजने का रिमांड आदेश धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) प्रविधानों का उल्लंघन है।

**ये संवैधानिक अधिकारों का है उल्लंघन:** अधिवक्ता ने पीठ को बताया की पीएमएलए की धारा 19 के तहत उनके मुवक्किल को गिरफ्तारी के लिए कभी भी मौखिक या लिखित रूप से कोई आधार नहीं बताया गया और यह उनके मुवक्किल के संवैधानिक अधिकारों का भी उल्लंघन है। अधिवक्ता ने दलील दी कि रिमांड आदेशों में इस बात की कोई संतुष्टि दर्ज नहीं की गई है कि क्या ईडी के पास उनके मुवक्किल को पीएमएलए के तहत दोषी बताने के लिए रिकॉर्ड पर कोई आधार था। अधिवक्ता ने कहा कि ईडी ने प्रतिशोधात्मक तरीके से जानकारी प्राप्त करने के लिए उनके मुवक्किल के साथ-साथ अन्य आरोपितों को थर्ड डिग्री टार्चर किया है। वहीं, ईडी की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा कि याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। पीठ ने मामले को तीन नवंबर को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

# गुरुग्राम से पटाखे खरीदकर दिल्ली में बेचने के लिए लाया शख्स, गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्योहारों** का समय चल रहा है। दिल्ली में पटाखे जलाने व बेचने पर प्रतिबंध है। इसके बाद भी लोग दूसरे राज्यों से पटाखे लाकर दिल्ली में बेच रहे हैं। न्यू अशोक नगर थाना पुलिस ने ऐसे ही एक पटाखे बेचने वाले एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान न्यू कोंडली निवासी अनिल कुमार जैन के रूप में हुई है। पुलिस ने इसकी दुकान से 233 किलो पटाखे बरामद किए हैं।

**मामले को लेकर क्या बोली पुलिस ?:** अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अचिन गर्ग ने बताया कि दिल्ली में पटाखे की ब्रिकी व बेचने पर प्रतिबंध है। सभी थानाध्यक्षों को प्रतिबंध का पालन करवाने के आदेश दिए हुए हैं। न्यू अशोक नगर थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि न्यू कोंडली इलाके में एक एक शख्स ने दुकान में बिक्री पटाखे जमा किए हुए हैं। थानाध्यक्ष संजय नेओलिया के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल रविंद्र व विकास की टीम बनाई। पुलिस ने दुकान के आसपास अपना जाल बिछाया। शुक्रवार रात रात 2:20 बजे दुकानदार आया और जैसे ही उसने दुकान का शटर खोला पुलिस ने उसे दबोच लिया।

# होटल कारोबारी और उनके 6 साल के बेटे की गला काट कर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** के नबी करीम इलाके में होटल कारोबारी और उनके छह वर्षीय बेटे की गला काट कर हत्या कर दी। डीवीआर और कारोबारी का मोबाइल फोन भी गायब है। वारदात के बाद से कारोबारी का घरेलू सहायक फरार है। पुलिस ने बताया कि होटल कारोबारी और उनके छह वर्षीय बेटे की गला काटकर हत्या मामले में उनके घर में काम करने वाले घरेलू सहायक पर शक है, क्योंकि वह वारदात के बाद से फरार है और उसका मोबाइल भी बंद है। ऐसे में शक है कि लूटपाट के बाद घरेलू सहायक ने ही दोनों की हत्या कर दी है। पुलिस के अनुसार, घरेलू सहायक सोनू को कारोबारी अनुज ने सात अक्टूबर को काम पर रखा था। उन्होंने हाल ही में मोहन गार्डन इलाके में घर खरीदा था।

# सनसनीखेज वारदात: स्विट्जरलैंड में दोस्ती-दिल्ली में कत्ल



**शांति**

8 महिला की हत्या कर शव फेंकने के मामले में तिलक नगर थाना पुलिस ने गुरप्रीत नामक युवक को गिरफ्तार किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के तिलक नगर इलाके में महिला की हत्या कर शव फेंकने के मामले में तिलक नगर थाना पुलिस ने गुरप्रीत नामक युवक को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि गुरप्रीत उस कार में सवार था, जिस कार से तिलक नगर इलाके में महिला का शव फेंका गया था। गौरतलब है कि शुक्रवार सुबह स्कूल की दीवार के पास महिला का शव मिला था, उसके हाथ-पैर जंजीर से बंधे हुए थे। बताया जा रहा है कि महिला विदेश की रहने वाली है।

**पुलिस ने किए खुलासे:** पुलिस ने बताया है कि उन्हें शुक्रवार को सुबह करीब 9 बजे एमसीडी स्कूल के बाहर शव मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो उन्होंने शव को कब्जे में ले लिया, साथ ही फोरेंसिक टीम, डीडीयू अस्पताल से डॉक्टर आदि को भी बुला लिया। हालांकि शव की ऐसी हालत थी कि उस वक्त कोई भी कुछ नहीं कह सका कि हत्या कैसे हुई है। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और सीसीटीवी की जांच शुरू कर दी। सीसीटीवी फुटेज में पुलिस को एक कार संदिग्ध लगी जिसका नंबर निकालकर तलाश की गई तो पता चला कि यह किसी सेकंड हैंड कार डीलर से एक महीने पहले कैश में खरीदी गई थी। जब खरीदने वाले का पता लगाने की कोशिश हुई तो यह बात सामने आई कि कार एक अन्य महिला का आधार लगाकर गुरप्रीत नाम के शख्स ने खरीदी थी। इस तरह पुलिस ने गुरप्रीत को गिरफ्तार किया।

**क्या करता है आरोपी गुरप्रीत?**
डीसीपी वेस्ट, विचित्र वीर ने बताया कि अब तक हुई पूछताछ में यह पता चला है कि गुरप्रीत की कोई रेगुलर नौकरी नहीं है। वह कभी प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है, कभी दोस्तों से उधार लेकर खर्च चलाता है। जब पुलिस से पूछा गया कि गुरप्रीत कितनी बार स्विट्जरलैंड गया है तो पुलिस ने कहा कि यह अभी जांच का विषय है और पूरी जांच होने पर ही वह कुछ कह सकेंगे।

# 'जानलेवा मांझे की बिक्री को लेकर निरंतर हो निगरानी'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** में जानलेवा मांझे की बिक्री के कारण होने वाली चोटों या मौतों से बचने के लिए हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस को ऐसे मामलों की निगरानी और नियमित पंजीकरण जारी रखने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह की पीठ ने दिल्ली में पतंगबाजी के लिए जानलेवा मांझा के निर्माण और बिक्री के खतरे को उजागर करने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। वहीं, दिल्ली पुलिस ने मामले में स्थिति रिपोर्ट दायर करते हुए पीठ को बताया कि दुकान मालिकों के एसोसिएशन के साथ-साथ थोक और खुदरा बाजारों में निरंतर निगरानी की जा रही है। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जानलेवा मांझा की बिक्री पर अधिकतम सीमा तक अंकुश लगाया जा सके। दिल्ली पुलिस ने पीठ को बताया कि प्रतिबंधित मांझे की बिक्री करने वालों के खिलाफ कई मामले दर्ज किए जा रहे हैं। मामले की अगली सुनवाई एक नवंबर को होगी। सभी याचिकाकर्ता उन व्यक्तियों के परिजन हैं जिन्होंने प्रतिबंधित मांझे के कारण घायल होने के बाद अपने परिवार के सदस्यों को खो दिया है। याचिकाकर्ताओं ने दिल्ली सरकार से मुआवजे के साथ-साथ सलाह और निर्देशों का सख्ती से पालन करने की मांग की है।

# बृजभूषण पर आरोप तय करने को लेकर होगी सुनवाई

## ाहिला पहलवानों के ओवरसाइट कमेटी के समक्ष दिए गए बयान उनके पिछले बयान माने जाएंगे

**सुनवाई**

8 एडिशनल चीफ मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल मामले की सुनवाई करेंगे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**महिला** पहलवानों से यौन उत्पीड़न मामले में आरोपित भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप तय करने को लेकर राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई होगी। एडिशनल चीफ मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल मामले की सुनवाई करेंगे। पिछली सुनवाई में अदालत ने बृजभूषण को पेशी से एक दिन की छूट दी थी। बृजभूषण की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव मोहन ने दलील दी थी कि पाश अधिनियम के तहत ओवरसाइट कमेटी की तुलना आंतरिक शिकायत कमेटी से हो सकती है। इसलिए महिला पहलवानों के ओवरसाइट कमेटी के समक्ष दिए गए बयान उनके पिछले बयान माने जाएंगे।

**गले लगने की नीयत को लेकर अदालत में हुई थी सुनवाई:** राजीव मोहन ने कहा कि अगर कोई अजनबी किसी को गले लगता है तो यह समझ में आता है कि उसकी नीयत सही नहीं थी, लेकिन खेल के कार्यक्रम में जहां अमूमन खिलाड़ी एक-दूसरे को गले लगाते हैं वहां पर नीयत पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है। राजीव मोहन ने आगे कहा कि शिकायतकर्ता ने दिल्ली की दो घटनाओं का जिक्र किया है और घटना की तारीखें बार-बार बदली। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं के सभी आरोप या तो दिल्ली के बाहर के हैं या देश के ही बाहर के हैं। ऐसे में जिस जगह का क्षेत्राधिकार बनाता है वहां पर शिकायत की जानी चाहिए। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ने बृजभूषण की दलीलों का विरोध करते हुए तर्क दिया था कि ओरवसाइट कमेटी पाश अधिनियम के अंतर्गत गठित समिति नहीं है।

# प्रतिबंध के बाद भी लोग पटाखे जलाकर कानून की उड़ा रहे हैं धज्जियां

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राजधानी में प्रतिबंध के बाद भी लोग सरेआम पटाखे जलाकर कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके में पटाखा जलाने के दौरान 11 साल का एक मासूम उसकी चपेट में आकर बुरी तरह जख्मी हो गया। किसी तरह वह घर पहुंचा। उसका चेहरा झुलसने के अलावा एक आंख पर चोट लगी थी। परिजन फौरन उसे नजदीकी जग प्रवेश चंद अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत देखकर उसे एम्स रेफर कर दिया गया। अस्पताल में मासूम की आंख के दो ऑपरेशन करने पड़े। काफी प्रयासों के बाद भी डॉक्टर मासूम की एक आंख की रोशनी को नहीं बचा सके। 17 अक्टूबर को इलाज के बाद मासूम को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।
पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। पुलिस ने मासूम का बयान लेकर शुक्रवार को अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। शास्त्री पार्क थाना पुलिस पटाखा जलाने वाले की पहचान करने का प्रयास कर रही है। घटना के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। उत्तर-पूर्वी जिले के डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि मासूम मोहम्मद अजमत (11) परिवार के साथ गली नंबर-6, शास्त्री पार्क में रहता है।
इसके परिवार में पिता मसरूर, मां और एक छोटी बहन है। मसरूर का तीस हजारी इलाके में ट्रांसपोर्ट का कारोबार है।

# एलजी ने संग्रहालय के रूप में मेन गोल मार्केट बिल्डिंग के संरक्षण और जीर्णोद्धार की परियोजना का शुभारम्भ किया

## प्रतिष्ठित गोल मार्केट विरासत भवन को महिलाओं की उपलब्धि पर आधारित एक संग्रहालय में परिवर्तित किया जाएगा, जो भारत में अपनी तरह का पहला संग्रहालय होगा।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के उपराज्यपाल - वी.के. सक्सेना ने आज संस्कृति और विदेश राज्य मंत्री, भारत सरकार मीनाक्षी लेखी की उपस्थिति में "एक संग्रहालय के रूप में मुख्य गोल मार्केट बिल्डिंग के संरक्षण और जीर्णोद्धार एवं सर्विस ब्लॉक के साथ सबवे के निर्माण सहित आसपास के क्षेत्रों के पुनर्विकास" की परियोजना का शुभारंभ किया। प्रतिष्ठित गोल मार्केट के जीर्णोद्धार और कायाकल्प के उद्देश्य से परियोजनाओं का शुभारंभ करने के बाद, श्री सक्सेना ने बताया कि इस इमारत का जीर्णोद्धार कार्य करते समय ऐतिहासिक संरचना की मौलिकता के साथ छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि यह देश में अपनी तरह का पहला संग्रहालय होगा जो विभिन्न क्षेत्रों में देश की उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को समर्पित होगा। यह संग्रहालय कला, साहित्य, संस्कृति, सामाजिक क्षेत्र, चिकित्सा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भारत की महिलाओं द्वारा किए गए योगदान और विशेष रूप से स्वतंत्रता के संघर्ष में उनकी भूमिका को आधुनिक तकनीकों से प्रदर्शित करेगा।

गोल मार्केट की मुख्य इमारत एक विरासती इमारत है, जो समय के साथ धीरे-धीरे जीर्ण-शीर्ण हो गई और पिछले एक दशक से अधिक समय से बंद पड़ी है। अपना कार्यभार संभालने के तुरंत बाद, श्री सक्सेना ने साइट का दौरा किया था और इसके जीर्णोद्धार और कायाकल्प का काम करने का वादा भी किया था। बाद में कई बैठकों में यह महसूस किया गया कि जीर्णोद्धार के लिए रेट्रोफिटिंग के माध्यम से इमारत के संरक्षण की आवश्यकता होगी। इस इमारत की पुनर्स्थापना कार्य के दायरे में रुपये की लागत 21.66 करोड़ से 1407 वर्ग मीटर के मुख्य गोल मार्केट भवन की रेट्रोफिटिंग, पुनर्वास और संरक्षण शामिल है।



श्री सक्सेना ने आशा व्यक्त की कि यह विरासती स्थल आने वाले दिनों में आगंतुकों के लिए एक केंद्रीय स्थान के रूप में विकसित होगा। उन्होंने कहा की इस संग्रहालय में आगंतुकों की सुविधा के लिए एक सबवे और एक समर्पित पार्किंग स्थान भी इस गोल मार्केट परियोजना का हिस्सा होगा।

आज भारत सरकार की संस्कृति और विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी के साथ उपराज्यपाल सक्सेना ने उद्यान मार्ग पर जेपीएन लाइब्रेरी के निर्माण स्थल का भी दौरा किया। जेपीएन लाइब्रेरी कॉम्प्लेक्स के पुनर्विकास के बारे में बोलते हुए, श्री सक्सेना ने बताया कि इस सुविधा को एक अति-आधुनिक, विश्व स्तरीय लाइब्रेरी में रूपांतरित किया जाएगा। एनडीएमसी द्वारा विकसित की जाने वाली, नई दिल्ली के केंद्र में, जेपीएन लाइब्रेरी में 200 लोगों के बैठने की क्षमता के साथ 30000 से अधिक किताबें होंगी। जबकि लाइब्रेरी की पहली मंजिल में लाइब्रेरी रूम, बच्चों की गतिविधियों का क्षेत्र, पढ़ने का क्षेत्र, खेलकूद का क्षेत्र भी होगा। मल्टीमीडिया ऑडियो/विजुअल कमरे, दूसरी मंजिल में शोधकर्ता कक्ष, ई-लाइब्रेरी और समाचार पत्र/पत्रिका खंड शामिल होंगे।

इस जेपीएन लाइब्रेरी का कुल क्षेत्रफल 2250 वर्ग मीटर होगा और प्रत्येक 755 वर्ग मीटर की तीन मंजिलें होंगी और इसका निर्माण रुपये 6.81 करोड़. की लागत से किया जाएगा।

### इमारत की मुख्य विशेषताएं हैं...

- भूतल क्षेत्र = 815 वर्ग मीटर; पहली मंजिल का क्षेत्रफल = 490 वर्ग मीटर
- केंद्रीय प्रांगण परिसर में कांच के गुंबद वाली छत की संरचना होगी
- फॉल्स सीलिंग सहित इंसुलेटेड छत संरचना;
- केंद्रीकृत एयर कंडीशनिंग प्रणाली
- संग्रहालय की आवश्यकता के अनुसार सजावटी फिटिंग और फिक्स्चर
- आर.के. आश्रम की ओर से भवन तक आसान पहुंच के लिए सबवे और लिफ्ट
- सेवा सुरंग
- अग्निशमन प्रयोजन हेतु 2.0 लाख लीटर क्षमता का जल भंडारण टैंक

# धर्म के रास्ते पर चलकर समाज के उत्थान के लिए करें कार्य: राजीव

## भौतिकवाद के इस दौर में गीता ज्ञान ही हर समस्या का हल: राजीव जैन

धर्म संस्कृति

8 नैतिक मूल्यों के बिना शिक्षा का महत्व नहीं, बच्चों को बनायें संस्कारवान

8 राजीव जैन ने शुक्रवार को शहर में आयोजित अनेक धार्मिक कार्यक्रमों में की शिरकत





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि रामायण का पाठ हमेशा लोगों को अधर्म का रास्ता छोड़ धर्म के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करती है। क्योंकि समाज का कल्याण तभी संभव है जब यहां धर्म का राज होगा और अधर्म का विनाश। इसलिए सभी नागारिक धर्म के रास्ते पर चलकर समाज के उत्थान के लिए कार्य करें। श्री जैन ने शुक्रवार को बत्रा कॉलोनी में आयोजित श्रीराम कथा, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में माता की चौकी, दिल्ली कैंप में माता का जागरण, सिक्का कॉलोनी में जागरण एवं चौकी, कुंडली में आयोजित माता का जागरण, महाराजा अग्रसेन भवन में श्री सुंदरकांड पाठ एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। राजीव जैन ने कहा कि रामलीलाओं के मंचन से युवा पीढ़ी में संस्कार रोपित होते हैं और संस्कार एवं संस्कृति की वजह से भारत एक दिन विश्वगुरु बनेगा। राजीव जैन ने कहा कि कुछ शरारती तत्व राजनितिक स्वार्थों के चलते सनातन धर्म को नष्ट करना चाहते हैं परन्तु उनको यह जान लेना चाहिए कि इतने हमलों के बाद भी सनातन धर्म जिन्दा है और इसे नष्ट करने की कुंठित मानसिकता वाले लोग नष्ट हो जाते हैं।

जैन ने कहा कि नैतिक मूल्यों के बिना शिक्षा का कोई महत्व नहीं है इसलिए अपने बच्चों को धर्म के साथ जोडकर संस्कारवान बनाएं तभी हमारा समाज विकास के रास्ते पर आगे बढ़ सकता है। उन्होंने दिल्ली कैंप व सिक्का कॉलोनी में माता के जागरण में शिरकत करते हुए कहा कि जो व्यक्ति सच्चे मन से माता रानी की भक्ति करता है माता रानी उसके सभी कष्टों को हर लेती है और उसके जीवन में खुशियां ही खुशियां रहती है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों से आत्मिक शांति मिलती है। भागदौड़ भरे जीवन में मानसिक तनाव व थकावट आदि कई प्रकार की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। इन सबसे छुटकारा पाने के लिए धार्मिक कार्यक्रमों का सहारा लेना चाहिए। इससे वातावरण भी शुद्ध होता है।

## श्री आदर्श रामलीला में सीता का हरण करके ले गया रावण

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना महेन्द्रगढ़**
श्री आदर्श रामलीला कमेटी के भव्य रंगमंच पर सीता हरण की अद्भुत लीला का मंचन किया गया। साथ ही बाली वध की लीला भी दिखाई गई। लीला का शुभारंभ मुख्यातिथि पूर्व जिला पार्षद राकेश उर्फ गौतम बुडीन ने किया।
इस दौरान मुख्यातिथि अपने निजी कोष से रामलीला कमेटी को 11 हजार रुपये, प्रमुख समाज सेवी राव कुलबीर सिंह बोहरा ने 11 हजार रुपये, ब्राह्मण कल्याण परिषद भिवानी के प्रधान संयज मिश्रा ने 3100 रुपये व पूर्व जिला पार्षद कुलदीप यादव ने भी अपने निजी कोष से रामलीला कमेटी को 5100 रुपये भेंट किए।



आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले धीरपुर गांव में आयोजित रामलीला के दौरान भक्तों को संबोधित करते हुए धीरपुर मंडल भाजपा के अध्यक्ष सुभाष झा। साथ में है निगम पार्षद सुमन शर्मा, पूर्व पार्षद गरिमा गुप्ता, अरूणोदय गुप्ता व रामलीला कमेटी के पदाधिकारी व अन्य गणमान्य लोग।

## बरवाला गांव में पुलिस स्मृति दिवस पर निकाला गया कैंडल मार्च



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
पुलिस स्मृति दिवस पर बरवाला गांव में बरवाला पंचायत 360 के संस्थापक सुप्रीमो रामकिशन पूनिया और आरडब्ल्यूए बरवाला के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय, नेताजी दलीप कुमार, पंचायत प्रधान दयाचंद, आप नेता मुकेश सैनी,पंकज भारद्वाज, बिजेंद्र निर्वाल, राजबीर वर्मा, आजाद सिंह के सान्निध्य में कबीर पंथी जुलाहा चौपाल से बाबा रामस्वरूप नाथ समाधि पार्क तक कैंडल मार्च निकालकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए शहीद हुए पुलिस के वीर जाबांजों की स्मृति में इस कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहीद पुलिस कर्मियों को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने कहा कि हम सब की रक्षा के लिए पुलिस कर्मी अपनी जान की बाजी लगा देते हैं। इसलिए समाज का दायित्व है कि उनके बलिदान को याद रखें। दयानंद वत्स ने एक्स पर पोस्ट कर दिल्ली के पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से दिल्ली पुलिस परिवार की सराहना की और कहा कि हमें दिल्ली पुलिस पर गर्व है।

## भगवान वाल्मीकि जी के पद चिन्हों पर चलें: रंगा



**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र /शाहबाद ( दलबीर मलिक )** गांव तगोर में भगवान वाल्मीकि जी के प्रकट दिवस के उपलक्ष में कंवरपाल वाल्मीकि के परिवार की तरफ से विशाल सत्संग का आयोजन किया गया ।भगवान वाल्मीकि की महिमा का गुणगान करने के लिए शाहबाद से भजन मंडली का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर स्वीटी रंगा और समाजसेवी मिहा सिंह रंगा को आमंत्रित किया।

# शालीमार बाग: बड़ा ही अच्छा कार्य कर रहा है महिला शक्ति मंडल: सुमेर सिंह सैनी









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में महिला शक्ति मंडल की ओर से मां दुर्गा पूजा महोत्सव और श्रीमद् दुर्गा सप्तशती कथा का आयोजन किया जा रहा है। मंडल की चेयरपर्सन ज्योति सैनी ने आगे बताया कि यह कार्यक्रम 24 अक्टूबर तक शालीमार बाग के डॉ. साहिब सिंह वर्मा सामुदायिक भवन में हो रहा है। इस अवसर पर अखिल भारतीस सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी, शिखर निष्काम पथ के अध्यक्ष व समाजसेवी प्रदीप जिन्दल ने शिरकत की।

अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमेर सिंह सैनी ने कहा कि महिला शक्ति मंडल की चेयरपर्सन ज्योति सैनी व उनकी टीम के द्वारा बड़ा ही अच्छे कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मैं इसके लिए पूरी टीम का धन्यवाद करता हूं। श्री सैनी ने कहा कि मैं माता रानी से प्रार्थना करता हूं कि माता रानी सभी के जीवन में खुशियां लाये। उन्होंने आगे कहा कि सभी को सच्चे मन से माता रानी की आराधना करनी चाहिए, जो भक्त सच्चे मन से माता रानी की आराधना करता है। माता रानी उसकी अवश्य ही सुनती है।

इस मौके पर शिखर निष्काम पथ के अध्यक्ष प्रदीप जिन्दल ने कार्यक्रम के आयोजको की सहराना की और कहा कि सभी को सच्चे मन से प्रभु की आराधना करनी चाहिए, जो भक्त सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है, प्रभु उसकी अवश्य ही मनोकामनाएं पूर्ण करते है। इस अवसर पर महिला शक्ति मंडल की चेयरपर्सन ज्योति सैनी ने प्रभु से प्रार्थना करते हुए कहा कि प्रभु सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें और सभी के जीवन में मां भगवती अपार खुशियां लाये। इस अवसर पर शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी ठाकुर जितेन्द्र सिंह जादौन ने कहा कि सभी को हमेशा ही सभी कार्य देशहित में करने चाहिए और हमेशा ही गरीब व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए। इस अवसर पर चेयरपर्सन ज्योति सैनी, सुनीता सैनी ,ठाकुर जितेन्द्र सिंह जादौन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## शहादत पुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की हुई महत्वपूर्ण मीटिंग





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
करावल नगर विधानसभा के शहादत पुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण मीटिंग कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के नेतृत्व में होने वाली विशाल प्रतिज्ञा रैली जवाब दो हिसाब दो को सफल बनाने के विषय में की गई है। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने की।इस मौके पर अरविंद सिंह पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी करावल नगर विधानसभा ने कहा कि नौजवानों परेशान है व मजदूर महिलाएँ सब परेशान है, आज जिनकी हालत बहुत खराब है और सरकार इनके लिए चिंता नहीं कर रही है। केजरीवाल दिल्ली के अंदर कोई राशन कार्ड नहीं बना रहे। कोई वृद्धावस्था पेंशन नहीं बन रही है। एक क्लास के अंदर डेढ़ सौ बच्चे पढ़ते हैं, आज दिल्ली को दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बना दिया गया है। दिल्ली पूरी तरह से गैस चेंबर में बदल दिया गया है। ये केजरीवाल जी को उपलब्धियां है। इस मौके पर शैलेन्द्र चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष रामनिवास यादव सने शास्त्री, सतीश दीक्षित, सुशीला बघैल, अनिकेत चौधरी, संजय वर्मा उपाध्यक्ष सुजीत सिंह, उपाध्यक्ष नसीरुद्दीन मंसूरी व अलीम खान कन्हैया लाल सैकड़ों साथी उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने कहा कि आज महँगाई, बेरोजगारी भ्रष्टाचार से लोग परेशान हैं जब कोई सरकार से कोई सवाल करता है तो सरकार जवाब न दें कर ही उल्टा विपक्ष रेल सवाल करती है। सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। सरकार गरीब कमजोर पिछड़ों नौजवानों को छोड़ के देश के 2 से तीन उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है कि आज देश में महँगाई आसमान छू रही है कि गैस का सिलेंडर, डीजल, पेट्रोल, सब्जी व रोजमर्रा की चीजें बहुत महँगी हो गई है।

## श्रीराम का संपूर्ण जीवन अनुकरणीय: गर्ग



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आदर्श रामलीला कमेटी अशोक विहार फेस 2 में राम- सुग्रीव मित्रता, अशोक वाटिका में सीता हनुमान भेंट, लंका दहन कि लीला का मंचन निपुण कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। जहां अशोक वाटिका के मनभावक दृश्य तो वही लंका दहन का सजीव दृश्य दिखाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ अनिल जैन सांसद राज्यसभा व विजेंद्र गुप्ता उपस्थित हुए। इस अवसर पर डॉ अनिल जैन ने कहा कि श्रीराम के आदर्शों के साथ धर्म नीति, राजनीति, कूटनीति, अर्थनीति, सत्य, त्याग, सेवा, प्रेम, क्षमा, परोपकार, शौर्य, दान, हित- चिंतन आदि मूल्यों का सुंदर आदर्श हमें श्री राम के जीवन से सीखने को मिलता है। सतीश गर्ग ने कहा कि श्रीराम का संपूर्ण जीवन हर पहलू पर मानव समाज के लिए अनुकरणीय हैं। अध्यक्ष अशोक गर्ग व महामंत्री अनिल यादव ने डेंगू रोकथाम के लिए दर्शकों को जागरूक किया। कार्यक्रम में देवराज, विजय बंसल, नितिन बत्रा, प्रदीप गोयल, प्रवीण कुमार सिंह, संदीप गुप्ता, चंदन शर्मा, बिट्टू हार्मिलापी, राजेंद्र खंडेलवाल उपस्थित रहे।
इस अवसर पर जानकारी देते हुए प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि अंगद- रावण संवाद, लक्ष्मण मूर्छा की लीला का मंचन किया जाएगा। युद्ध कौशल को प्रदर्शित किया जाएगा। तलवार से तलवार और तीर से तीर के टकराने पर चिंगारी निकलती हुई दिखाई जाएगी।

# अशोक विहार के लक्ष्मीबाई महाविद्यालय में महिला स्वास्थ्य से संबंधित संगोष्ठी आयोजित









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
लक्ष्मीबाई महाविद्यालय, शिक्षा स्वास्थ्य न्यास एवं महिला कार्य, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, दिल्ली प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में महिला स्वास्थ्य से संबंधित एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका विषय था। 'स्वस्थ महिला-सशक्त राष्ट्र'। इस अवसर पर फॉर्टिस हॉस्पिटल शालीमार बाग की आईवीएफ और रोबोटिक स्पेशलिस्ट डॉक्टर निम्फिया वालेचा ने महाविद्यालय की छात्राओं को संबोधित किया और इस विषय से संबंधित बहुत सी जानकारियां उनके साथ सांझा की। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों और अध्यापिकाओं की जिज्ञासा और समस्याओं का भी समाधान बताया। लगभग दो घंटे के इस कार्यक्रम में बहुत ही रोचक ढंग से यह जानकारी बच्चों ने ग्रहण की और लगभग 125 छात्राओं की पूरी सहभागिता रही। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रधानाचार्या प्रत्यूष वात्सला, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के पर्यावरण विषय के राष्ट्रीय संयोजक संजय स्वामी, महिला कार्य की क्षेत्रीय संयोजक व पूर्व निगम पार्षद ममता नागपाल एवं महिला स्वास्थ्य की राष्ट्रीय संयोजिका अंजू गोयल उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### पुलिस ने चोरी की बाइक सहित एक युवक को किया गिरफ्तार

**गन्नौर। बड़ी थाना पुलिस** ने एक बाइक चोर को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपित रोहित निवासी राजलूगढ़ी गांव का रहने वाला है। जानकारी अनुसार बड़ी थाना पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना पर राजलूगढ़ी-राजपुर रोड से एक बाइक सवार युवक को काबू किया। बाइक पर नंबर प्लेट भी नहीं लगी थी। जब पुलिस ने बाइक के कागज मांगे तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। जांच करने पर सामने आया कि रोहित की कब्जे से मिली बाइक चोरी की है। जिसका मुकदमा थाना कैराना में दर्ज हुआ मिला। जिसके बाद पुलिस ने आरोपित रोहित को गिरफ्तार लिया।

### बड़ी थाना में शिकायत फाड़ कर पुलिस कर्मियों के साथ हाथापाई, चार के खिलाफ मामला दर्ज

**गन्नौर। बड़ी थाना** में शिकायत फाड़ कर पुलिस कर्मियों के साथ हाथापाई करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में थाना बड़ी पुलिस ने दो महिलाओं सहित चार के खिलाफ सरकारी काम बाधा डालने, शिकायत फाड़ने, सरकारी कर्मियों से मारपीट करने के आरोप में दो महिलाओं सहित चार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी देते हुए जांच अधिकारी एएसआई सतीश कुमार ने बताया कि 3 अक्तूबर को बड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव से बालिका की गुमशुदगी की शिकायत थाना बड़ी में प्राप्त हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और जांच अधिकारी हवलदार दिनेश ने बालिका की तलाश शुरू कर दी थी। इस बीच 19 अक्टूबर को गुमशुदा बालिका की तरफ से एक शिकायत थाना बड़ी में प्राप्त हुई। जिसमें बालिका ने बताया कि उसके स्वजन उसे प्रताड़ित करते हैं। जिसके बाद जांच अधिकारी हवलदार दिनेश ने इस शिकायत के बारे में बालिका के स्वजन को फोन पर अवगत करवाया। जिसके बाद बालिका का मां अपने भाई, रिश्तेदार व एक अन्य औरत के साथ थाना में पहुंची और जांच अधिकारी से शिकायत ले कर मोबाइल से फोटो उतारने लगे। जब जांच अधिकारी ने ऐसा करने से मना किया तो बालिका की मां ने तैश में आ कर शिकायत शिकायत को फाड़ दिया और चिल्लाने लगी। जब आवाज सुनकर महिला पुलिस कर्मी एएसआई सीमा ने उन्हें समझाने का प्रयास किया तो आरोपितों ने सीमा व उसके साथ हाथापाई व गाली गालौच किया। जिसके बाद बाकी पुलिस कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर बीच बचाव करवाया। एएसआई सतीश कुमार ने बताया कि पुलिस ने शिकायत पर दो नामजद समेत चार के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### निसान ने दिल्ली-एनसीआर में मजबूत किया अपना नेटवर्क



**नोएडा:** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने आज दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में अपने नेटवर्क का विस्तार करने का एलान किया। कंपनी ने इस क्षेत्र में तीन नए टचपॉइंट खोले हैं, जिनमें 2 शोरूम और 1 सर्विस वर्कशॉप है। चैनल पार्टनर ब्राइट निसान के साथ मिलकर नोएडा और पटपड़गंज में ये टचपॉइंट खोले गए हैं। नए सेल्स एवं सर्विस कस्टमर टचपॉइंट भारतीय बाजार एवं यहां के अपने बहुमूल्य ग्राहकों के प्रति निसान की गहरी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। निसान मोटर इंडिया के एमडी श्री राकेश श्रीवास्तव ने आज नए ब्राइट निसान शोरूम का उद्घाटन किया। नए टचपॉइंट्स की लॉन्चिंग के मौके पर निसान मोटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री राकेश श्रीवास्तव ने कहा, 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) निसान के लिए महत्वपूर्ण बाजार है। यहां नए कस्टमर टचपॉइंट खोलने की हमें खुशी है। इससे इस बढ़ते बाजार में निसान के लिए प्रोडक्ट्स एवं सर्विसेज को लेकर ग्राहकों की बढ़ती उम्मीदों को पूरा करना संभव होगा। अत्याधुनिक डीलरशिप इन्फ्रास्ट्रक्चर और प्रशिक्षित स्टाफ हमारे ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने में सक्षम होंगे।' नोएडा में कुल 3,200 वर्गफीट क्षेत्र में नया ब्राइट निसान शोरूम खोला गया है। वहीं नोएडा में ही अत्याधुनिक ब्राइट निसान सर्विस वर्कशॉप को 28,000 वर्गफीट से ज्यादा क्षेत्र में बनाया गया है। इसका फ्रंट गेट 100 फीट से ज्यादा है। इनके अलावा, पटपड़गंज में खोला गया नया ब्राइट निसान शोरूम कुल 1,900 वर्गफीट में फैला है। इसका फ्रंटगेट 40 फीट का है। नए कस्टमर टचपॉइंट्स में सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यहां जानकार, प्रशिक्षित और उत्साही स्टाफ तथा सेल्स एंड सर्विस प्रोफेशनल्स हैं, जो ग्राहकों को सुगमता से कार खरीदने में मदद करेंगे। साथ ही उनका ऑनरशिप एक्सपीरियंस भी शानदार होगा। वैश्विक स्तरीय और सही मूल्य वाले प्रोडक्ट्स के साथ ग्राहकों को अनूठा अनुभव देने की प्रतिबद्धता के साथ निसान ने हाल ही में निसान मैग्नाइट फैमिली में दो नए मॉडल जोड़े हैं। इनमें मैग्नाइट ईजेड-शिफ्ट को शानदार इंट्रोडक्टरी कीमत पर लॉन्च किया गया है। 10 नवंबर, 2023 तक इस मॉडल को ग्राहकों के लिए 6,49,900 रुपये (एक्स-शोरूम) में उपलब्ध कराया जा रहा है।

# परिवार पहचान पत्र में सुधार के लिए कैंप आयोजित

## सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए परिवार पहचान पत्र जरूरी : मंत्री ओम प्रकाश

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल। सरकार** की योजनाओं का लाभ लेने के लिए परिवार पहचान पत्र जरूरी है। इसलिए किसी भी परिवार की फैमिली आईडी में कोई त्रुटि है तो उसको ठीक करवाएं ताकि उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। यह बात सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने आज सीताराम मैरिज पैलेस में आयोजित पीपीपी समस्या समाधान कैंप में लोगों की समस्याएं सुनते हुए कही।



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का निष्पक्ष लाभ मिले इसी उद्देश्य से परिवार पहचान पत्र शुरू किया है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की 136 योजनाएं इस पीपीपी पोर्टल से जुड़ी हुई है। जाति-प्रमाण पत्र, इनकम सर्टिफिकेट, मैरिज सर्टिफिकेट, बच्चों की स्कॉलरशिप योजना, बुढ़ापा पेंशन, विवाह योजना व स्वयं सहायता समूह जैसी प्रमुख योजनाएं हैं जो पोर्टल पर बिना किसी फाइल के आवेदन किया जा सकता है और उसके फोन पर रसीद उपलब्ध होती है। अब किसी कार्यालय में चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होती। चंडीगढ़ से स्पेशल अधिकारियों की टीम ने परिवार पहचान पत्र में त्रुटियों को ठीक किया। कैंप में पिता का नाम, माता का नाम, दिव्यांग, जन्मतिथि, मैरिटल स्टेटस, आय, स्पाउस का नाम, शैक्षणिक योग्यता आदि सभी प्रकार की त्रुटियों को ठीक किया गया। वहीं शिविर में यह बात सामने आई कि समूचे जिले के लोगों की उपस्थिति होते हुए लोगों में धक्का मुक्की का दौर चल पड़ा। अनेकों बार मंचासिन लोगों को बीच बचाव करते हुए व्यवस्था सुधारने की अपील करते देखा गया। वहीं लोगों ने इस बात को लेकर मंत्री की सराहना भी की कि चलो किसी ने तो जिलावासियों की समस्या पर गौर फरमाया और इस तरह के आयोजन की ज़िम्मेदारी संभाली।

## भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में शुरू हुआ तीन दिवसीय यूनिफेस्ट

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में आयोजित तीन दिवसीय यूनिफेस्ट का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि सांसद रमेश कौशिक ने किया। इस दौरान उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा दे रहा है जो बहुत ही नेक एवं जरूरी कार्य है। जिस तरह से पढ़ाई जरूरी है उसी तरह से अपनी संस्कृति से अवगत होना भी जरूरी है। सांसद ने कहा कि सोनीपत हरियाणा का एजुकेशन हब है और शिक्षा के क्षेत्र में हमारे विद्यार्थी हमेशा अव्वल रहते हैं। इसके साथ ही खेलों में जहां पूरे देश के 50 प्रतिशत मेडल अकेला हरियाणा लाता है वहीं हरियाणा के 50 प्रतिशत अकेला सोनीपत लाता है। उन्होंने कहा कि सोनीपत का विकास गुडगांव की तर्ज पर होगा। जिस तरह से राष्ट्रीय राजमार्ग का जाल सोनीपत में बिछ रहा है वो क्षेत्र को प्रगतिशील बना रहा है। इस अवसर पर डॉ० महा सिंह पूनिया ने बताया कि कुरुक्षेत्र में स्थापित धरोहर के लिए उन्होंने 15 साल में 6 लाख किलोमीटर का सफर किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कल्चर, एग्रीकल्चर से है। धरोहर को आज तक 106 देशों के प्रतिनिधि मंडल देख चुके हैं। डॉ० पुनिया ने कहा कि कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले रत्नावली उत्सव में भगत फूल सिंह महिला विवि की प्रस्तुति हमेशा लाजवाब होती है।

## रूक्मिणी देवी स्कूल में नदारद मिले अधिकारी को एसडीएम ने जारी किया नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**

संयुक्त पात्रता परीक्षा (सीईटी) ग्रुप-डी की परीक्षा के नोडल अधिकारी एसडीएम निर्मल नागर की जांच में रूक्मिणी देवी पब्लिक स्कूल में जैमर की जांच पर लगाए ड्यूटी ऑफिसर एसडीओ रजित गैर-हाजिर पाए गए। इस पर नोडल अधिकारी ने ड्यूटी से नदारद मिले अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। साथ ही उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी परीक्षा में लगाई है उसे पूर्ण ईमानदारी व कर्मठता से निभाएं। लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जिला में आयोजित करवाई जा रही हरियाणा सामान्य पात्रता परीक्षा(सीईटी) ग्रुप-डी की लिखित परीक्षा को शांतिपूर्वक एवं नकलरहित सम्पन्न करवाने के दृष्टिगत परीक्षा के जिला नोडल अधिकारी एवं एसडीएम निर्मल नागर तथा एसडीएम अमित कुमार ने शनिवार को परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए वहां की व्यवस्थाएं जांची। इस दौरान उन्होंने जीडी गोयनका, डीपीएस, देव षि सकूल, ओरचीड इंटरनेशनल स्कूल तथा दीन बंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल में बनाएं गए परीक्षा केन्द्रों का भी निरीक्षण किया।

**जी डी गोयनका के परीक्षा केन्द्र में नाक की नथनी निकालने में महिलाएं को हुई परेशानी , कमीसन से की पहने रखने की मांग**

संयुक्त पात्रता परीक्षा (सीईटी) ग्रुप-डी की परीक्षा में सुबह की शिफ्ट में परीक्षा केन्द्र में सोने के आभूषण पहनकर जाने की कमीशन द्वारा रोक गलाने के कारण जी डी गोयनका स्कूल में आई महिला परीक्षार्थियों को नाक से नथनी निकालने में दिक्कत झेलनी पड़ी और वे कमीशन को कोसती नजर आई और कहा कि बताओं नथनी में भी क्या छूपाकर ला सकते है।

## वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा रविवार को कार्यकर्ता सम्मेलन में करेंगे शिरकत

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष** अनुराग ढांडा रविवार को पानीपत में जनसभा को संबोधित करेंगे। आम आदमी पार्टी के सह सचिव सुखबीर सिंह मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि रामलीला ग्राउंड वाली गली में दोपहर 3:00 बजे वार्ड होशियार सिंह द्वारा डाबर कॉलोनी, वार्ड नंबर 6, कुटानी रोड के पास पहलवान चौक पर कार्यकर्ता सम्मेलन होगा। दूसरा कार्यक्रम शाम 5:00 बजे गांव बडौली में होगा। इसमें आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा नए सदस्यों की जॉइनिंग कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस दौरान आम आदमी पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी से जनसभा में पहुंचेंगे।

## सफलता के लिए इच्छा शक्ति चाहिए और इच्छा शक्ति के लिय उत्साह : त्यागी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**भारत विकास परिषद्** गन्नौर शाखा की ओर से शनिवार को मदर प्राइड स्कूल में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन आयोजित किया। जजपा के हल्का प्रधान अनिल त्यागी ने बतौर मुख्यातिथि व भारत विकास परिषद् के सुभाष शर्मा क्षेत्रीय सेवा शिक्षा के संयोजक ने बतौर मुख्य वक्ता कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम में आए शिक्षकों व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनिल त्यागी ने कहा कि सफलता के लिए इच्छा शक्ति चाहिए और इच्छा शक्ति के लिय उत्साह, इस सबको पाने के लिय श्रेष्ठ गुरु के मार्गदर्शन की आवश्यता हैं। अतः आप अपने जीवन में गुरु का अनुसरण करे। सुभाष शर्मा ने अपने उद्बोधन में बताया कि परिषद का मुख्य उद्देश्य भारत की प्राचीन गुरु शिष्य परम्परा को आगे बढ़ाते हुए विद्यार्थियों में अपने माता पिता के प्रति आदर व सम्मान व गुरूजनों के प्रति श्रद्धा का भाव



जागृत करना है। शाखा अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा व पूर्व अध्यक्ष योगेश कौशिक ने बताया कि सेवा और संस्कार आज के युग की आवश्यकता हैं। शाखा सचिव अंकित त्यागी ने बताया कि खण्ड के विभिन्न विद्यालयों से आए 30 प्रतिभावान विद्यार्थियों को परिषद् की ओर से पारितोषिक दिया गया एवं उनका सम्मान कर अभिनंदन किया गया। अंकित त्यागी एडवोकेट ने बताया कि कार्यक्रम में 30 शिक्षकों का परिषद की और स्मृति चिन्ह भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया । कार्यक्रम में विद्यार्थियों शिक्षकों सहित नागरिकों द्वारा सामूहिक शपथ भी ली कि वे अपने माता .पिता, गुरुजनों व नारी . जाति एवं बड़ों का सदैव सम्मान करेंगे। शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र कौशिक, डॉ दीपचंद गर्ग,समुद्र मलिक,तरुण प्रताप त्यागी,कृष्ण जिंदल, राजकुमार अग्रवाल,गौरव शर्मा, महिला संयोजिका मनीषा जैन,डॉ आभा गर्ग , रजनी जैन, निशा कौशिक, एडवोकेट नेहा त्यागी, दीपिका जिंदल, नीलम अग्रवाल ,काजल सिंघल ,काजल जैन आदि सदस्य शामिल रहे।

# थरया व डबरपुर गांव में कूड़ा उठान के लिए दोनो पंचायतों को देवा सोसाइटी ने दी ई रिक्शा

## हलके के लोगों की समर्पित भाव से काम करने के लिए तैयार : कादियान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**देवा सो**शल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक देवेंद्र कादियान ने कहा कि उनका जीवन हलके की जनता के लिए समर्पित है। हलके के लोगों के लिए वे हर समय समर्पित भाव से काम करने के लिए तैयार है। कहा कि समाजसेवा की भावना से वे काम कर रहे है और लोगों का आए दिन बढ़ रहा समर्थन उनका और ज्यादा काम करने का हौसला दे रहा है। समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शनिवार को थरया व डबरपुर गांव की चौपाल में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को



संबोधित करते हुए कही। कादियान ने इन दोनों गांवों को एक-एक ई-ऑटो रिक्शा भेंट की गई। ताकि गांव में घर-घर से कूड़ा का उठाव किया जा सके। गन्नौर की सभी पंचायतों में इसे लागू किया जाना है। इसको लेकर देवा वेलफेयर सोसायटी द्वारा गांवों में ई-रिक्शा वितरित की जा रही है। इससे पहले यहां पर पहुंचने पर कादियान का ग्रामीणों ने फूलमाला व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया है। देवेंद्र ने कहा कि अपने स्तर पर तो वे समाजसेवा के कार्य कर रहे है लेकिन कुछ काम ऐसे है जो बिना राजनीतिक शाक्ति के नहीं किए जा सकते। जैसे गलियों-सड़कों का निर्माण, बिजली, पानी आदि विकास कार्यों के लिए राजनीति ताकत का होना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जीवन की एक ही तमन्ना है जितनी भी समाज की सेवा कर सकूं उतनी ही कम है। अगर जनता ने उनके हाथ मजबूत किए राजनीतिक शक्ति मिलने पर वे गन्नौर में विकास करवाते हुए एक अलग पहचान दिलाने का कार्य करेंगे। वहीं, वहीं, ग्रामीणों ने समाजसेवी देवेंद्र कादियान द्वारा किए जा रहे कामों की सराहना की और भरोसा दिलाया कि वे लोगों का भला करने वाले का साथ देंगे। मौके पर थरया सरपंच फरमान, सुनील प्रधान, राज सिंह, जिले सिंह, जमशेद, यासीन राणा, काला नंबरदार, डा. मेजर, जसबीर सरपंच चटिया, नरेश, यूसुफ नंबरदार, हरिराम, दयानंद, दयाचंद आदि मौजूद रहे।

## राजकीय स्कूल के सभी छात्रों को आंतिल ने जर्सी वितरित कर शिक्षा के प्रति प्रेरित किया



**राई।** राजकीय माध्यमिक पलड़ा स्कूल में शिक्षा के क्षेत्र में स्कूली बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए आंतिल बाराहा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल पहुंचे और स्कूल के सभी बच्चों को वर्दी देकर सम्मानित किया है। इस दौरान गांव की तरफ से शामिल हुए सम्मानित बुजुर्गों ने जयभगवान आंतिल की मुहिम की सराहना की है। स्कूल के सभी बच्चों को वर्दी देकर शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए समाजसेवी जयभगवान आंतिल ने कहा कि क्षेत्र के स्कूली बच्चे खेलों के साथ-साथ शिक्षा के में भी अव्वल आ रहे हैं। अभी हाल ही में आयोजित हुई स्कूली खेल प्रतियोगिताओं में क्षेत्र के स्कूली बच्चों ने कई स्पधाओं में क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की मुहिम से स्कूल में अनुशासन की पालना होती है और बच्चों में एकता का परिचय नजर आता है। इस अवसर पर स्कूल की मुख्याध्यापिका सुनील राणा व गांव के प्रधान मनोज कुमार ने जयभगवान आंतिल की मुहिम की सराहना की। इस अवसर पर सुरेन्द्र, नवीन, अजीत, सुनील, संजय, सतीश, प्रदीप व मोनू आदि मौजूद थे।

## टाटा सॉल्ट ने विश्व आयोडीन अल्पता दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

भारत में आयोडाइज्ड नमक उद्यम में 1983 से पायनियर और मार्केट लीडर रही टाटा सॉल्ट ने वैश्विक समुदाय के साथ मिलकर, 21 अक्टूबर को विश्व आयोडीन अल्पता दिवस मनाया। बच्चों के दिमागी विकास में आयोडीन की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाने और दुनिया भर में, खास कर बच्चों में आयोडीन की कमी की चुनौती पर प्रकाश डालने के लिए यह दिवस तय किया गया है। इस मिशन के तहत हाल ही में टाटा सॉल्ट ने एक एड्वर्टाइजिंग कैम्पेन शुरू किया जिसमें नामचीन एक्ट्रेस रुपाली गांगुली ने काम किया है। इस कैम्पेन वीडियो में रुपाली गांगुली कहती है - "विश्वास जीता जाता है और मैं सिर्फ टाटा सॉल्ट पर भरोसा करती हूं, क्योंकि इसमें सही मात्रा में आयोडीन है।

## महाकाली मंदिर बड़ी में नवरात्रों के सातवें दिन उमड़ी भक्तों की भीड़

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**क्षेत्र में नवरात्रों** के चलते बाजार में खूब चहल-पहल है और लोगों ने नवरात्रों से जुड़े व दुर्गा माता की अराधना की सामग्री की दिनभर खरीददारी करते नजर आते हैं। नवरात्रों की शुरूआत को लेकर लोगों में पूरा जोश देखा गया। वहीं मंदिर भी फूलों व बिजली के प्रकाश के साथ सजे हुए हैं। जीटी रोड बड़ी गांव के निकट स्थित महाकाली मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो जाती है और यह सिलसिला देर रात तक जारी रहता है।



शनिवार के दिन मंदिर में श्रद्धालुओं को तांता लग गया। काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंच कर मां काली व मां दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा अर्चना की और अपने परिवार सुख समृद्धि का कामना की। मंदिर के महंत मंशापुरी महाराज ने बताया कि दुर्गा जी का सातवां स्वरूप कालरात्रि है। इनका रंग काला होने के कारण ही इन्हें कालरात्रि कहते हैं। असुरों के राजा रक्तबीज का वध करने के लिए देवी दुर्गा ने अपने तेज से इन्हें उत्पन्न किया था। मां की भक्ति से दुष्टों का नाश होता है और ग्रह बाधाएं दूर हो जाती हैं।

**अष्टमी पर जागरण व नवमी पर होगा भंडारा**

मंदिर के महंत मंशापुरी महाराज ने बताया कि 22 अक्टूबर को अष्टमी के अवसर पर बड़ी महाकाली मंदिर में जागरण का आयोजन रात्रि 9 बजे किया जाएगा। जागरण का शुभारंभ महंत मुख्त्यारपुरी महाराज व समाजसेवी अनुज सहरावत ज्योत प्रचंड करेंगे।

# परीक्षा केन्द्र का उपायुक्त व एसडीएम ने किया परीक्षा केंद्र का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**उपायुक्त डा. मनोज** कुमार व एसडीएम निर्मल नागर ने शनिवार को सीसीएस जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल व कालेज में बने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाएं संतोषजनक मिली। उपायुक्त ने कहा है कि परीक्षा को शांतिपूर्वक और बिना किसी बाह्य हस्तक्षेप के करवाने और परीक्षा देने आने वाले परीक्षार्थियों के सुगम आवागमन के लिए स्थानीय प्रशासन व पुलिस ने पुख्ता प्रबंध किए हैं। परीक्षा केंद्रो में जैमर व सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है। सभी परीक्षा केंद्रो ड्यूटी मैजिस्ट्रेट लगाए हैं। परीक्षा केंद्र में आने वाले छात्रों के



रुकने की व्यवस्था भी प्रशासन द्वारा की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से चल रही हैं। छोटी मोटी शिकायतें कुछ परीक्षा केंद्र से मिली जिनका निपटान कर दिया गया। इससे पहले एसडीएम डा. निर्मल नागर ने भी सीसीएस जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल, प्रयास इंटरनेशनल स्कूल, जेपी डीएवी पब्लिक स्कूल, रौनक पब्लिक स्कूल, हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में बने परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण वहां की व्यवस्थाओं को जांचा।

**छात्र के पास मिले इलैक्ट्रिक यंत्र को उतरवाया**

परीक्षा केंद्रो पर गेट के बाहर सुरक्षा कर्मचारी तैनात है। सुरक्षा कर्मचारियों ने शुरूआती गेट पर जांच के बाद ही परीक्षार्थी को आगे भेजा। महिलाओं के रबर बैंड और जूतें उतरवाकर भी तलाश ली गई। इसी प्रकार से पुरुष परीक्षार्थियों की भी जांच की गई। सीसीएस जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल परीक्षा केंद्र में जांच के दौरान एक छात्र के पास इलैक्ट्रिक यंत्र भी मिला। जिसे उतरवाकर बाहर फैंकवाया गया। उसके बाद ही उसे परीक्षा केंद्र में जाने से अनुमति मिली। वहीं एक हाथ से दिव्यांग को भी परीक्षा केंद्र में अपने साथ सहायक ले जाने नहीं दिया गया।

दिव्यांग के पास सहायक के लिए अनुमति नहीं थी, जिसके चलते उसे स्वंय ही परीक्षा देनी पड़ी।

## प्रसिद्ध अभिनेत्री निर्मल ऋषि ब्रांड एंबेसडर के रूप में हीलिंग हॉस्पिटल से जुड़ीं

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**पूरी तरह** से एक अलग सहभागिता करते हुए हीलिंग हॉस्पिटल चंडीगढ़ ने गर्व से जानी मानी और प्रसिद्ध अभिनेत्री, निर्मल ऋषि को अपने सम्मानित ब्रांड एंबेसडर के तौर पर अपने साथ जोड़ा है। हीलिंग हॉस्पिटल, चंडीगढ़ मरीजों की बेहद सहजता से और उनके रोग की गंभीरता को समझते हुए काफी अच्छे से देखभाल करता है।

हीलिंग हॉस्पिटल, चंडीगढ मरीजों की विश्वस्तरीय केयर प्रदान करने के लिए समर्पित है और इसी लक्ष्य



को हासिल करने के लिए निर्मल ऋषि का साथ लिया गया है। इस साझेदारी का उद्देश्य न केवल उनकी विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, बल्कि अद्वितीय समर्पण के साथ समुदाय की सेवा जारी रखते हुए उपचार की संस्कृति का प्रोत्साहित करना भी है।

अपने विचार व्यक्त करते हुए, निर्मल ऋषि ने कहा कि ह्यह्यमैं हीलिंग हॉस्पिटल चंडीगढ़ के इस सेवाभाव मिशन के लिए प्रतिबद्ध हूं।

## संपादकीय

# भारत के मन में रमते हैं श्रीराम

**भारत** में विजयपर्व का उल्लास है। दिक्काल उत्सवधर्म से आच्छादित हैं। श्रीराम की लंका विजय की तिथि दो दिन बाद है। भारत का मन आनंद मगन हो रहा है। श्रीराम मंगल भवन हैं और अमंगलहारी। वे भारत के मन में रमते हैं। मिले तो राम राम, अलग हुए तो राम राम। राम का नाम हम सब बचपन से सुनते आए हैं। वे धैर्य हैं। सक्रियता हैं। परम शक्तिशाली हैं। भाव श्रद्धा में वे ईश्वर हैं। राम तमाम असंभवों का संगम हैं। मर्यादित आचरण के शिखर हैं। रामकथा के सभी प्रसंग मनभावन हैं। प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरक प्रसंग हैं। युद्ध में विजय की इच्छा रहती है। संसार तमाम संघर्षों से भरा पूरा है। भारतीय चिंतन में काम-क्रोध-लोभ को भी शत्रु बताया गया है। सांसारिक अंतर्विरोधों को शत्रु कहा गया है। रामचरितमानस (लंका काण्ड) में कहते हैं कि, 'संसार शत्रु को दृढ निश्चयी रथ पर बैठ कर ही जीता जा सकता है।' रामचरितमानस (लंकाकाण्ड) में विजयश्री प्राप्ति के लिए एक सुंदर रथ का प्रतीक है। युद्ध शुरू होने को था। रावण रथ पर था। राम पैदल थे। यह देखकर विभीषण भावुक हुए। तुलसीदास ने लिखा, 'रावनु रथी बिरथ रघुबीरा। देखि बिभीषन भयउ अधीरा।' विभीषण ने राम से कहा कि आपके पास न रथ है न कवच है। आप विजयश्री कैसे पाएंगे। श्रीराम ने कहा विजय श्री दिलाने वाला रथ दूसरा है। शौर्य और धैर्य उस रथ के पहिये हैं। सत्य और शील की पताका है। बल, विवेक और इन्द्रिय निग्रह उस रथ के घोड़े हैं। घोड़े क्षमा की डोरी से रथ से जुड़े हुए हैं। ईश्वर भक्ति सारथी है। वैराग्य ढाल है। संतोष तलवार है। मन तरकश है। नीयम बाण हैं। श्रद्धा कवच है। तुलसी लिखते हैं, 'महा अजय संसार रिपु, जीति सकइ सो बीर। जाकें अस रथ होई दृढ़, सुनहु सखा मति धीर-जिसके पास ऐसा रथ है, इस संसार में वही विजय श्री पाता है।' श्रीराम प्रतिदिन प्रतिपल उपास्य हैं। विजयादशमी व उसके आगे पीछे श्रीराम के जीवन पर आधारित श्रीराम लीला के उत्सव पूरे देश में होते हैं। श्रीराम भारत बोध में तीनों लोकों के राजा हैं। त्रिलोकीनाथ हैं। भारत व भारत के बाहर भी इंडोनेशिया आदि देशों में भी श्रीराम लीला होती है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की रामलीला विख्यात है। वाराणसी देश की सांस्कृतिक राजधानी है। यहां की रामलीला दर्शनीय है। पूरे देश में रामलीला की परंपरा है। दुनिया के किसी भी देश में एक ही समयावधि में हजारों स्थलों पर ऐसे नाटक मंचन नहीं होते। रामलीला में आनंद रस का प्रवाह है। रामलीला के रूप लगातार बदल रहे हैं। यों सभी कलाएं मनोरंजन करती हैं। रामलीला मनोरंजन नहीं है। सभी नाटकों की एक कथा होती है। कुछ इतिहास से भी जुड़ी रहती है। लेकिन रामलीला की कथा काल्पनिक नहीं है। यह सत्य कथा है, प्रेरक है। मयार्दा इस ऐतिहासिक कथानक का केन्द्रीय विचार है। मूल रूप में नाटकों में भाव प्रवणता नहीं होती। नाटक का लेखक भाव अंश डालता है। नाटक के पात्र भाव प्रवणता का सृजन करते हैं। राम कथा के सभी पात्र भाव प्रवण हैं। इतिहास में हैं। संस्कृति में हैं। हम सब राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघन, हनुमान, सुग्रीव आदि के प्रति आदर भाव से भरे पूरे हैं। राम कथा हमारे अंतरंग में रची बसी है। हम सहस्त्रों वर्ष से रामलीला के दरश परस में राम रसायन का पान करते आए हैं। रामरसायन में आश्वस्ति है। रामलीला पुरातन राम कथा का पुरश्चरण है। यह कथा पुरातन है, नित्य नूतन है। रामलीला सिर्फ नाटक नहीं है।

# संघ की संस्कृति एवं मूल्यपरक भारत-दृष्टि

ललित गर्ग

"इस वजह से तमाम विकृतियां समाज में आ रही हैं। इसलिए परिवार व्यवस्था को बनाए रखने की आवश्यकता है। आज भारत को जानने की महती आवश्यकता है। भारत के बनने और भारत को बनाने को लेकर बड़ी चुनौतियां हैं, क्योंकि भारत को भारतीय दृष्टि से जानने वाले कम हैं। हमें भारत को जानने वाला ही नहीं बल्कि भारत को मानने वाला भी बनना है। भारत में कई आक्रांता आए लेकिन भारत को समाप्त नहीं कर पाए, क्योंकि भारतीय समाज बहुकेन्द्रित व्यवस्थाओं पर चलता रहा। हालांकि अंग्रेजों को थोड़ी मात्रा में सफलता मिली और अंग्रेजी आक्रमण से प्रभावित हुए हैं, यही कारण है कई शिक्षित लोग भी भ्रमित हो जाते हैं। आज भी उस भाव से पीछे नहीं आए हैं। भैयाजी ने कहा कि देश को आगे ले जाने में विद्वान, रक्षा करने वाले, उद्योग धंधे चलाने वाले, नियमित श्रम करने वाले सभी लोगों का योगदान है। भिन्न भिन्न शक्तियां के योगदान से हजारों वर्षों से हमारा समाज चलता आया है"

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ, दिल्ली ने विभिन्न धार्मिक संगठनों, सेवा-संस्थानों एवं कार्यकताओं की सामाजिक सद्भाव संगोष्ठी का आयोजन कर भारत की ज्वलंत समस्याओं पर सार्थक बहस का एक अनूठा उपक्रम किया। नये मध्यप्रदेश भवन, चाणक्यपुरी में हुए इस आयोजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कार्यकारणी के सदस्य भैयाजी जोशी के उद्बोधन से जहां राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर संघ का विचार एवं दृष्टिकोण विभिन्न धर्म के प्रतिनिधियों के सामने आया वहीं विभिन्न धर्मों एवं संस्थानों से जुड़े लोगों के चिन्तन से संघ भी अवगत हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इतिहास में कुछ ऐसे विरल व्यक्तित्व हुए हैं, जिनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह, महामंत्री आदि अनेक जिम्मेदारियों का निर्वाह करने वाले भैयाजी जोशी भी हैं, उनकी विरलता या महत्ता के प्रमुख मानक हैं- सशक्त राष्ट्रीयता, हिन्दुत्व और लोकहितकारी प्रवृत्तियां।

राष्ट्रीयता को संवाद का आधार बनाते हुए इस संगोष्ठी में सुरेश भैयाजी जोशी ने जहां विभिन्न धर्मों एवं संस्थानों के प्रतिनिधियों के विचार सुने, वही उन्होंने कहा कि देश के विकास में आज सबसे बड़ी बाधा संस्कारहीनता का भाव है। लोग दूसरे देशों या संस्कृति से खुद को हीन समझने लगे हैं। भारत को जापान, चीन अमेरिका जैसे दूसरे देशों का अनुकरण करने के बजाय भारत को भारत रहने की आवश्यकता है। देश के युवाओं को संस्कार हीनता को छोड़कर संस्कृति, भाषा, जीवनमूल्य, विचार आदि के लिए जागरूक होना होगा। युवा पीढ़ी को समझना होगा कि विश्व कल्याण का मार्ग भारत से होकर ही निकलेगा। संघ मानता है कि वैचारिक मतभेद होने के बाद भी एक देश के हम सब लोग हैं और हम सबको मिलकर इस देश को बड़ा बनाना है। इसलिए इस संवाद की गहरी प्रासंगिकता एवं उपयोगिता है। समय-समय ऐसे विचार-संवाद आयोजित करने के लिये संघ प्रतिबद्ध है।

सामाजिक सद्भाव गोष्ठी में संघ के कार्यक्रमों की विशद चर्चा से यह तथ्य उभर कर सामने आया कि संघ का काम व्यक्ति निर्माण का है। व्यक्ति से समाज एवं समाज से राष्ट्र निर्मित होता हैं। समाज में आचरण में परिवर्तन लाने का प्रयास करते हैं। यह स्वावलंबी पद्धति से, सामूहिकता से चलने वाला काम है। संघ भारत के



शाश्वत मूल्यों को मजबूत और विश्वसनीय बनाना चाहता है ताकि निर्माण का हर क्षण इतिहास बने। नये एवं सशक्त भारत का निर्माण हो, जिसका हर रास्ता मुकाम तक ले जाये। सबकी सबके प्रति मंगलभावनाएं मन में बनी रहे। राष्ट्रीयता के ईमान को, कर्त्तव्य की ऊंचाई को, संकल्प की दृढ़ता को और मानवीय मूल्यों को सुरक्षित रखने के लिये ह्यसामाजिक सद्भावह्ल के रूप में भैयाजी जोशी ने फिर आह्वान किया है कि आओ, फिर एक बार जागें, संकीर्णता, संस्कारहीनता एवं स्वार्थ की दीवारों को ध्वस्त करें। जोशी ने देश में आज संस्कारहीनता से ग्रस्त होने की चुनौती को दूर करने के लिए परिवार, संगठनों के साथ सभी को प्रयास करने की आवश्यकता व्यक्त की। जोशी ने स्वदेश में बनी वस्तुओं के उपयोग की जरूरत पर जोर देते हुए कहा, ह्यहम आधुनिकता के विरोधी न बनें। लेकिन आर्थिक नजरिये से किसी मुल्क के गुलाम भी न बनें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वोकल फोर लोकल को बढ़ावा देने के आह्वान की चर्चा करते हुए चीनी सामान का बहिष्कार कर स्वदेशी वस्तुओं का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल किये जाने की अपेक्षा पर बल दिया। भारतीय बाजारों पर चीन लगातार कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। हमें ऐसा होने से रोकना होगा इसलिये चीनी वस्तुओं का बहिष्कार कर इन्हें अपने जीवन से दूर किया जाना चाहिये। सीमा पार से होने वाली घुसपैठ तो हमारी सेना के जवान रोक लेंगे। लेकिन हम नागरिकों को भारत के बाजारों में चीन की घुसपैठ रोककर देश को आर्थिक गुलामी से बचाना होगा। इसके लिये हमें अपने मन के साथ आचरण में भी स्वदेशी भाव जगाना होगा।

भैयाजी जोशी के अनुसार हिंदू चिंतन में अधिकार शब्द का कोई स्थान नहीं है। हिंदू चिंतन संस्कार, आचरण, करणीय कार्य और कर्तव्यों की बात करता है। यह चिंतन हमें ह्यमैंह्ल से निकालकर ह्यहमह्ल की ओर ले जाता है। ह्यमैंह्ल से ह्यहमह्ल होते ही सभी की पीड़ा हमारी पीड़ा बन जाती है। आपसी सौहार्द के संबंध कानून से नहीं बल्कि भावनात्मक लगाव के कारण चलते हैं। भारतीय समाज का चिंतन है कि मानव की जीवन शैली परस्पर संबंधों के आधार पर विकसित हुई। भारत की जीवन शैली सकारात्मक सोच वाली है, जो अच्छाई के लिए प्रेरित करती है। मातृ शक्ति एवं वृद्धों का आदर करने का स्वभाव परिवार के प्रत्येक सदस्य में होना चाहिए। आज परिवार टूट रहे हैं। इस वजह से तमाम विकृतियां समाज में आ रही हैं। इसलिए परिवार व्यवस्था को बनाए रखने की आवश्यकता है। आज भारत को जानने की महती आवश्यकता है। भारत के बनने और भारत को बनाने को लेकर बड़ी चुनौतियां हैं, क्योंकि भारत को भारतीय दृष्टि से जानने वाले कम हैं। हमें भारत को जानने वाला ही नहीं बल्कि भारत को मानने वाला भी बनना है। भारत में कई आक्रांता आए लेकिन भारत को समाप्त नहीं कर पाए, क्योंकि भारतीय समाज बहुकेन्द्रित व्यवस्थाओं पर चलता रहा। हालांकि अंग्रेजों को थोड़ी मात्रा में सफलता मिली और अंग्रेजी आक्रमण से प्रभावित हुए हैं, यही कारण है कई शिक्षित लोग भी भ्रमित हो जाते हैं। आज भी उस भाव से पीछे नहीं आए हैं। भैयाजी ने कहा कि देश को आगे ले जाने में विद्वान, रक्षा करने वाले, उद्योग धंधे चलाने वाले, नियमित श्रम करने वाले सभी लोगों का योगदान है। भिन्न भिन्न शक्तियां के योगदान से हजारों वर्षों से हमारा समाज चलता आया है। उन्होंने शिक्षा के व्यवसायीकरण और कला के विकृत रूप पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि भारत में विद्या बेचने का नहीं दान का विषय रहा है। जीवन की शिक्षा देने वाला ज्ञान होना चाहिए। आज शिक्षा व्यापार हो गया है। देश में कला का श्रेष्ठ स्थान रहा है लेकिन इसके माध्यम से समाज में प्रदूषण फैलाया जा रहा है, इसे ठीक करने की आवश्यकता है। इसी तरह धर्म का भी भारतीय समाज में बड़ा महत्व रहा है। उन्होंने कहा कि हम भाग्यशाली हैं। हमने भारत में जन्म लिया। यहां जन्म लेने मात्र से हम प्राचीन संस्कृति और परंपराओं के वाहक बन गए। यह सौभाग्य किसी दूसरे देश में जन्म लेने वाले व्यक्ति को नहीं मिला है। निश्चित ही भैयाजी जोशी का उद्बोधन न केवल राष्ट्रीय बल्कि सामाजिक एवं धार्मिक महत्व का रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों का उल्लेख करते हुए संघ सोच को एक बार फिर से स्पष्ट किया है। उन्होंने देश के समग्र एवं त्वरित विकास के लिये जनसंख्या नियंत्रण एवं पर्यावरण संरक्षण की नीति पर जोर दिया है। संघ की नजरों में धर्मांतरण और घुसपैठ से जनसंख्या का संतुलन बिगड़ा है और देश का विकास बाधित हुआ है, जोशी ने इन समस्याओं से निपटने और उनके खिलाफ जनमत का निर्माण करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत के प्रति पूरी दुनिया का भरोसा बढ़ा है। भारत की ताकत बढ़ी है। दुनिया में भारत की आवाज सुनी जा रही है। दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा और साख बढ़ी है और आत्मनिर्भर भारत की आहट सुनाई दे रही है। उन्होंने बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए स्कूलों, कालेजों पर निर्भरता की बजाए घरों और समाज के वातावरण को स्वस्थ बनाने का संदेश दिया। निश्चित ही जोशी उद्बोधन कोई स्वप्न नहीं, जो कभी पूरा नहीं होता। यह तो भारत को सशक्त एवं विकसित बनाने के लिए ताजी हवा की खिड़की है। संघ एक जागरूक संगठन है और हर समस्या पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है।

## कविता

तेरे नाम के आगे अपना नाम लगा
लेते है लोग,

तेरे नाम के आगे अपना नाम लगा लेते है
लोग,
इस कदर भी बेमेल जोड़ी बना लेते है लोग।

इतनी धूप, रोशनी है जमाने में यहाँ,
कैसे नकली चेहरा छुपा लेते है लोग

फकीर चला विश्वास से पत्थरों पर,
पहाड़ों में भी राह बना लेते हैं लोग।

दिलों में कालिख है जिन जनाबों के,
कैसे सफेदी का मुखौटा लगा लेते है लोग।

आज शहर में भयानक उजाला है सूरज का,
ऐसे में अपने म्लान मनसूबे कैसे छुपा लेते है
लोग।

अब उन्हें पहचानना मुश्किल है संजीव,
चेहरों पर नया मुखौटा लगा लेते हैं लोग।

संजीव ठाकुर

## जीवन-दर्शन का साक्षात्कार कराता: देवी कवच

**मार्कण्डेय** पुराण में दुर्गा कवच का वर्णन है। इसमें आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के अंतर्गत बताये गये मानव शरीर के लगभग सभी महत्वपूर्ण बाह्य और आंतरिक संरचनाओं का उल्लेख है। इतना ही नहीं इसमें शरीर क्रिया विज्ञान के साथ विभिन्न गुणों का भी वर्णन है जो मानव की प्रकृति और व्यवहार को निर्धारित करते हैं।यह कवच शरीर की सभी रचनात्मक एवं क्रियात्मक इकाइयों की चिंता करते हुए स्वस्थ रहने के लिए उनकी रक्षा और देखभाल की सलाह देता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी दीघार्यु के लिए, स्वस्थ/ रोग मुक्त जीवन यापन के लिए शारीरिक संरचना तथा कार्यिकी में प्रत्येक संरचनाओं के महत्व को प्रतिपादित करता है। मेरी दृष्टि में देवीय कवच के अनुसार भी शरीर की सभी संरचनात्मक एवं क्रियात्मक रचनाओं की सुरक्षा के साथ सामंजस्य का परिणाम ही निरोगी स्वस्थ काया है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए देवी कवच में शरीर की बाहरी और आंतरिक संरचना के लिए किसी एक देवी का उल्लेख न करते हुए प्रत्येक संरचना की रक्षा के लिए अलग-अलग देवियों का वर्णन है अथार्त मनुष्य को स्वस्थ और दीघार्यु जीवन के लिए शरीर की प्रत्येक संरचना पर ध्यान दे कर उसकी सुरक्षा/देखभाल के लिए उचित प्रयास करना चाहिए।

देवी कवच में मस्तक के लिए उमा,ललाट के लिए मालाधारी, भौंहों के लिए यशस्विनी, भौंहों के मध्य भाग के लिए त्रिनेत्रा, नथुनों के लिए यमघंटा, नासिका के लिए सुगन्धा, ऊपर के ओंठ के लिए चर्चिका, नीचे के ओंठ के लिए अमृतकला, जिह्वा के लिए सरस्वती, दांतों के लिए कौमारी,कण्ठप्रदेश के लिए चण्डिका,कण्ठ के बाहरी भाग के लिए नीलग्रीवा, कण्ठ की नली के लिए नलकूबरी,गल-घंटी के लिए चित्रघण्टा,तालू के लिए महामाया, ठोढ़ी के लिए कामाक्षी, वाणी के लिए सर्वमंगला, ग्रीवा के लिए भद्रकाली, दोनों कंधों के लिए खड्गिनि, दोनों भुजाओं के लिए वज्रधारणी, दोनों हाथों के लिए दण्डली, उंगलियों के लिए अम्बिका, नखों के लिए शूलेश्र्वरी, कुक्षि (पेट) के लिए कुलेश्वरी, दोनों स्तनों के लिए महादेवी, नाभि के लिए कामिनी,लिंग के लिए पूतना और कामिका,गुदा के लिए महिषवाहिनी,कटि के लिए भगवती, घुटनों के लिए विन्ध्वासिनी,पिण्डलियों के लिए महाबला, दोनों घुट्टियों के लिए नारसिंही, दोनों चरणों के पृष्ठभाग के लिए तैजसी, पैरों की उंगलियों के लिए श्रीदेवी, पैरों के तलुओं के लिए तलवासिनी, पैरों के नखों के लिए दष्ट्राकराली, केशों के लिए ऊर्ध्वकेशिनी,रोमावलियों के छिद्र के लिए कौबेरी, त्वचा के लिए वागीश्वरी, मूलाधार के लिए पद्मावती, नख के तेज के लिए ज्वालामुखी, शरीर की समस्त संधियों के लिए अमेद्यादेवी, आदि से रक्षा की याचना की गई है। इसी कवच में शरीर के आंतरिक अंगों में पृष्ठ वंश (मेरुदंड) के

## विचार

# शौर्य एवं शक्ति जागरण का पर्व है दशहरा

ललित गर्ग

**हिंदू पंचांग** के अनुसार हर साल आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के दिन दशहरा का पर्व मनाया जाता है। यह पर्व बुराइयों से संघर्ष का प्रतीक पर्व है, यह पर्व देश की सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्रीयता को नवऊर्जा देने का भी पर्व है। आज भी अंधेरों से संघर्ष करने के लिये इस प्रेरक एवं प्रेरणादायी पर्व की संस्कृति को जीवंत बनाने की जरूरत है। प्रश्न है कौन इस संस्कृति को सुरक्षा दे? कौन आदर्शो के अभ्युदय की अगवानी करे? कौन जीवन-मूल्यों की प्रतिष्ठापना मे अपना पहला नाम लिखवाये? बहुत कठिन है यह बुराइयों से संघर्ष करने का सफर। बहुत कठिन है तेजस्विता एवं शक्ति जागरण की यह साधना। बहुत जटिल है स्व-अस्तित्व एवं स्व-पहचान को ऊंच शिखर देना। आखिर कैसे संघर्ष करें घर में छिपी बुराइयों से, जब घर आंगण में रावण-ही-रावण पैदा हो रहे हो, चाहे भ्रष्टाचार के रूप में हो, चाहे राजनीतिक अपराधीकरण के रूप में, चाहे साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने वालों के रूप में हो, चाहे राष्ट्र को तोड़ने वाले आतंकवाद के रूप में हो, चाहे शिक्षा, चिकित्सा एवं न्याय को व्यापार बनाने वालों के रूप में। यह उत्सव प्रतिवर्ष मनाते हुए जहां शक्ति की कामना की जाती है, वहीं राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों की ओर ध्यान खींचा जाता है। इससे नई प्रेरणा, नई ताजगी, नई शक्ति एवं नई दिशाएं मिलती है।

नवरात्रि के बाद आने वाला दशहरा का पर्व हिन्दुओं का बेहद ही खास पर्व है, यिह हर साल दिपावली के पर्व से 20 दिन पहले आता है। दशहरा राक्षसों के राजा रावण पर भगवान श्रीराम की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। लोग दशहरा को दस दिनों तक श्रीराम एवं रावण के बीच हुए युद्ध को नाटक के रूप में जगह-जगह मंचित करते हैं। इस नाटकीय रूप को राम-लीला कहा जाता है। उत्तर भारत में लोग मुखौटे पहनकर और विभिन्न नृत्य रूपों के माध्यम से राम-लीला का आयोजन करते हैं, साथ ही इसका लुत्फ भी उठाते हैं, हिन्दू संस्कृति को संगठित करने का माध्यम बनाते हैं। रामायण के छंदों का पालन करते हुए, वे रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण जैसे तीन बड़े राक्षसों के विशाल आकार के पुतले बनाते हैं। इसके बाद पुतलों को जलाने के लिए उनमे विस्फोटक पदार्थ भरा जाता है और जमकर आतिशबाजी की जाती है।

भगवान श्रीराम सच्चाई के प्रतीक है और रावण बुराई की शक्ति का। देवी दुर्गा के पूजा के साथ हिन्दू लोगों के द्वारा यह महान धार्मिक उत्सव और दस्तूर मनाया जाता है। इस पर्व को पूरे देश में मनाने की परंपरा और प्रक्रियां अलग-अलग है। भगवान श्रीराम युद्ध की देवी मां दुर्गा के भक्त थे, उन्होंने युद्ध के दौरान पहले नौ दिनों तक मां दुर्गा की पूजा की और दसवें दिन दुष्ट रावण का वध किया। इसके बाद श्रीराम ने भाई लक्ष्मण, भक्त हनुमान, और बंदरों की सेना के साथ एक बड़ा युद्ध लड़कर सीता को छुड़ाया। इसलिए विजयादशमी बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अंधकार पर प्रकाश का एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण दिन है। इस दिन रावण दहन के साथ ही अस्त्र, वाहन पूजन और मां दुर्गा, प्रभु श्रीराम, गणपति देव के पूजन की भी परंपरा है। इसके अलावा विजयदशमी को विजया तिथि कहा गया है। मान्यता है कि यह दिन मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए बेहद शुभ होता है।

दशहरे का सांस्कृतिक पहलू भी है। यह देश की सांस्कृतिक एकता और अखण्डता को जोड़ने का पर्व भी है। इस वर्ष का विजयादशमी पर्व इसलिये विशेष है, क्योंकि इस पर्व की सकारात्मक क्रांतिकारी ऊर्जा से न केवल राष्ट्र में सक्रिय नकारात्मक एवं अराष्ट्रीय ताकतों को सख्त संदेश दिया जाना है बल्कि पडौसी पाकिस्तान-चीन आदि देशों की कुचेष्टाओं के लिये ललकारा एवं सावधान भी किया जाना है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष मनाने के बाद राष्ट्र को शताब्दी वर्ष के लिये सशक्त किया जाना है। मूलभूत आस्थाओं एवं राष्ट्रीयता के दृढ़ीकरण के साथ देश में जो नई चेतना आई है, वह एक शक्तिशाली नेतृत्व का जीवंत साक्ष्य है। राष्ट्रीयता, स्व-पहचान, स्वदेशी-भावना, हिन्दू-संस्कृति के ऊर्जा के अक्षय स्त्रोतों की खोज में जो प्रयत्न किया जा रहा है, वह अभूतपूर्व है। जन-आकांक्षा के अनुरूप राष्ट्र को जिस युगीन परिवेश में प्रस्तुति दी जा रही है, वह असाधारण है।

दशहरा शक्ति की साधना, कर्म, नवसृजन एवं पूजा का भी पर्व है। पिछले आठ दशकों में लगातार हिन्दू-संस्कृति को कमजोर करने की राजनीतिक चालें होती रही है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।



दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# राष्ट्रगान का सम्मान

**एक** दिन सुबह-सुबह मेरा एक स्कूल के सामने से गुजरना हुआ। जिसमें प्राथना का समय हो रहा था। वह से जब में गुजर रही थी, उसी समय वहां जन-गण-मन का गान बच्चों द्वारा शुरू किया गया। मैंने उस समय एक हैरान करने वाली तस्वीर देखी। जिसे मैं देश के सम्मान की तस्वीर कहूंगी, क्यूंकि वहां मैंने देखा सड़क से गुजरता एक बच्चा जो किसी अन्य स्कूल का छात्र था। वह किसी अन्य स्कूल में बजने वाले जन-गण-मन को सुनकर वहां रूककर अपने देश को सम्मान दें रहा था। समान्य तौर पर बच्चे केवल डर या प्रार्थना सभा का एक हिस्सा समझकर जन-गण-मन के समय खड़े रहने का कष्ट करते है। इसी के साथ मैंने एक ओर व्यक्ति को देखा जो बाईक पर था। जिसे उस स्कूल के बाहर से गुजरने में एक मिनट से भी कम का समय लगता। वह व्यक्ति राष्ट्रगान के बोल सुनकर वहां खड़ा हो गया। यह तस्वीर देख मुझे यहीं विचार आया। क्या यह उसी देश के वासी है। जहां वंदे मातरम का सम्मान या तो कानून की नोक पर या फिर डर के आधार पर कराया जाता है। आखिर क्यूं नहीं यह तस्वीर एक सामान्य तस्वीर जैसी हमें बनकर नहीं मिल सकती है। ऐसा आखिर क्यूं है कि हम अपने देश का सम्मान नहीं करते। अपने ही देश के राष्ट्रीय गीत को सम्मान देने में हमें पता नहीं क्यूं शर्म का अनुभव होता है। फिल्में देखने के लिए बड़े-बड़े सिनेमा घरों में जाना हम सभी चाहते है किंतु वहां बजते वंदे मातरम के स्वर पर हम चंद मिनट खड़े होना या तो अपने धर्म का अपमान समझ बैठते है या फिर शर्म का अनुभव कर बैठते है। ना जाने क्यूं हमारे मन में ऐसे विचार आते है ना कि यह विचार आए कि हमारा देश हमें जीवन देता है। नागरिक होने का सम्मान और अधिकार देता है। हमें अपने देश के सम्मान के लिए राष्ट्रगीत और राष्टगान पर खड़े होना चाहिए। उनको सम्मान देना हमारा कर्तव्य नहीं शौभाग्य है। अपने परिवार की तरह काश अपने देश और अपनी देश की हर चीज से भी प्रेम हो जाएं।

# सरकारी तोपों का कारनामा

डॉ. सुरेश कुमार

**एक** जमाना था जब सरकारें आती ही जाने के लिए थीं। सरकार तोप ने सिर्फ दो काम किये थे। वसूली और बुत खड़े करना। बुत खड़ा करना दीर्घवर्षीय योजना का हिस्सा था। विकास कार्य एकदम ठहर गए, समस्याएँ सुरसा हो गईं, गरीब ज्यादा गरीब हो गए। अगली सरकार आयी। उसके संकल्प थे- पिछली सरकार से दोगुनी कमाई करना और दोगुने बुत बनवाना। प्रतियोगिता प्रदेश के विकास को लेकर नहीं, घूस और बुत को लेकर सरकार ने चौराहों पर, पार्कों में, फुटपाथों पर, ओनो-कोनों में सार्वजनिक भवनों के सामने और भीतर भी इतने बुत बनवा डाले कि महापुरुषों की किल्लत पड़ गयी। तब उसने मृत छुटभइयों के बुत खड़े करने शुरू कर दिये। बुत टन-दो-टन हैसियत वालों के नहीं, किलो-दो किलो हैसियत वाले, अनजाने, अनचीन्हे, अबूझ, अनाम भूतों तीसरी सरकार आयी। उसका संकल्प पिछली सरकार से तिगुनी कमाई करना और तिगुने बुत बनवाना था। सरकार जितनी ऊपरी कमाई करती थी, उसी अनुपात से बुत बनवाती थी यानी बुत की गणना कर ऊपरी कमाई का अंदाज लगाया जा सकता था या यों कहें ऊपरी कमाई की जानकारी होने पर बुतों का अंदाज लगाया जा सकता था। अंकगणित बहुत आसान। सरकार का चाल-चरित्र-चिंतन ऐसा कि लोगों में भय व्याप्त हो गया। जाने कब गोली मारकर कह दिया जाए कि 'अमुक जी' ने देश-समाज के लिए शहादत दी है और जीता-जागता व्यक्ति किसी चौराहे, पार्क, ओने-कोने या सार्वजनिक भवन में बुत में तब्दील हो जाए। लोग अंधेरे-उजेले निकलने में घबराने लगे। बुत देखकर काँप जाते कल मेरा भी यही हश्र न हो। कुछ बात तो है मोमिन जो छा गयी खामोशी, किसी बुत को दे दिया दिल जे बुत बन गए। सरकार जीवित व्यक्तियों के लिए कुछ न करती, पर मृत व्यक्तियों की प्रतीक पूजा के लिए सदैव तत्पर रहती। वह लोगों से कहती, 'बुतों को देखो, इनसे प्रेरणा ग्रहण करो।' लोग कहते, 'हमें बुत के भूत नहीं रोटी चाहिए। हमारी खुद की जिंदगी बुत सरीखी हो गयी है।' सरकार कहती, 'रोटी? यह तो बहुत सामान्य चीज है।

## न्यूज फ्लैश

### रामलीला भवन में चल रहा है रामलीलाओं का मंचन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** श्री रामायण पाठक सभा सभा के प्रधान रमेश गुप्ता में बताया कि श्री राम, लक्ष्मण, सीता जी के साथ वनों में भ्रमण करते हुए ऋषियों के आश्रम में जाते हैं और वहां पर हड्डियों का ढेर देखकर पूछते हैं कि यह क्या है? ऋषि लोग उन्हें बताते हैं कि राक्षस जाति ऋषि मुनियों तपस्वियों को खाकर हड्डियां यहां पर फेंक जाते हैं। प्रभु श्री राम सौगंध लेते हैं कि मैं दंडक वन क्षेत्र को राक्षसों से विहीन कर दूंगा। अनेक ऋषियों से मिलते हुए श्री राम पंचवटी में कुटिया बनाकर रहने लगते हैं। इसी दौरान शरूप नखा जो रावण की बहन थी। राम जी के रूप पर मोहित होकर उनसे विवाह का प्रस्ताव रखतीं है। प्रभु श्री राम के मना करने पर वह सीता को खाने के लिए दौड़ती है, जिससे क्रोधित होकर लक्ष्मण जी उसके नाक और कान काट देते हैं। शरूप नखा अपने भाई खरदूषण को राम लक्ष्मण सीता को मारने के लिए बुलाती है, परंतु युद्ध में खरदूषण और उसकी सेना श्री राम जी के हाथों से मारे जाते हैं। तत्पश्चात शरूप नखा अपने भाई रावण के पास जाकर यह सब बताती है। रावण मारीच की सहायता से सीता का हरण कर लेते हैं। गिद्धराज जटायु जी सीता जी की रक्षा करने के लिए रावण से युद्ध करते हैं, लेकिन रावण उनके पंख काट देता है और सीता जी को हरण करके लंका ले जाता है।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(कमाल हुसैन)**
**(मो. नं. : 9813507693)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला**
**(मनीष)**
**(मो. नं. : 9896772006)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
**(मो. नं. : 9466035040)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
**(मो. नं. : 98962 76156)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
**(मो. नं. : 94668 87896)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
**(मो. नं. : 9991270143)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
**(मो. नं. : 98117 14343)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
**(मो. नं. : 9671232478)**

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
**(मो. नं. : 94162 71181)**

# यात्रियों का संग्रहालय के माध्यम से किया ज्ञानवर्धन

**सौंदर्यीकरण**

**8 स्टेशन का प्रत्येक भाग तिरंगा, लाइटस व रंग बिरंगी रोशनी से सुसज्जित है। स्टेशन के सौंदर्यकरण की हर कोई तारीफ कर रहा है**



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल का** रेलवे स्टेशन इन दिनों यात्रियों व आमजन के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है और लगभग 131 वर्ष पहले शुरू हुआ यह स्टेशन अपना समृद्ध इतिहास बयां कर रहा है। स्टेशन का प्रत्येक भाग तिरंगा, लाइटस व रंग बिरंगी रोशनी से सुसज्जित है। स्टेशन के सौंदर्यकरण की हर कोई तारीफ कर रहा है। स्टेशन के बदले-बदले इस स्वरूप के बारे में रेलवे के कमर्शियल इंस्पेक्टर विनोद कुमार धीमान ने बताया कि रेलवे स्टेशन करनाल 20 अक्तूबर से 26 अक्तूबर तक स्टेशन महोत्सव मना रहा है। इस महोत्सव के तहत बेहतर सफाई व्यवस्था व सौंदर्यकरण के साथ-साथ रेलवे के इतिहास को प्रदर्शित किया गया है। इसके लिए आमजन व यात्रियों का स्टेशन पर स्थापित संग्रहालय के माध्यम से ज्ञानवर्धन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संग्रहालय में उन सभी यंत्रों को जगह दी गई है, जिनके प्रयोग से रेलवे ने लंबा सफर तय किया है। रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शित वर्टिकल गार्डन, हेरिटेज पंप, सेल्फी प्वाइंट (आई लव करनाल) और वंदे भारत के मॉडल भी स्टेशन महोत्सव की शोभा हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे के अधिकारियों व कर्मचारियों ने आमजन को स्टेशन महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को इसकी महत्वता और करनाल रेलवे स्टेशन के इतिहास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय रेलवे भारत के आर्थिक विकास का साक्षी और उत्प्रेरक रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन में ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों की अहम भूमिका रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और अन्य स्वतंत्रता सेनानी एक शहर से दूसरे शहर तक यात्रा ट्रेन से करते थे। इस प्रकार भारतीय रेलवे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी हुई है और आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। धीमान ने बताया कि इस ऐतिहासिक परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने और आने वाली पीढि?ों को स्टेशनों का ऐतिहासिक संदर्भ समझाने के लिए स्टेशन महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों और स्थानीय लोगों को रेलवे स्टेशन के इतिहास यानी रेलवे स्टेशन की स्थापना से संबंधित जानकारी से अवगत कराना है।

इन विभिन्न गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य स्टेशन के साथ लोगों के जुड़ाव को प्रदर्शित करना है।

इस मौके पर कमर्शियल इंस्पेक्टर विनोद कुमार, स्टेशन अधीक्षक संजय सक्सेना, सीनियर सेक्शन इंजीनियर हरप्रीत सिंह, सीओएस महेंद्र सिंह, राजेश कुमार, विजय सक्सेना, दीपक, राजू, स्वाति, रोमा, रूपचंद आदि मौजूद रहे।

## अर्धनग्र अवस्था में नाले में मिला युवक का शव

करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जिले के गांव बुड्ढाखेडा व प्रीतमपुरा के बीच गंदे नाले में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक का शव अर्धनग्न अवस्था में पड़ा था। शव को देखने से लग रहा है कि युवक की हत्या कर उसके शव को नाले में फेंका गया है। आज शाम को जब राहगीर नाले की तरफ जा रहे थे तो उन्होंने शव को दिखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना के बाद सेक्टर 32-33 थाना के प्रभारी सलिन्दर कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बाद में एफएसएल की टीम को बुलाया गया। वहीं मौके पर गोताखोरों को बुलाकर शव को बाहर निकाला गया है। इसके बाद टीम ने साक्ष्य जुटाए और पुलिस ने शव को शिनाख्त के लिए मेडिकल कॉलेज के पोस्टमार्टम हाउस में भिजवा दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक की उम्र करीब 24 से 25 साल लग रही है। शव की हालत देखने से लग रहा है कि यह करीब 4 से 5 दिन पुरानी है।

युवक ने खाली कच्छा पहन रखा था। पानी में शरीर पुरी तरह से गल चुका है। आसपास के लोगों से युवक की शिनाख्त करवाई जा रही है।

## सीजेएम ने किया श्रद्धानंद अनाथ आश्रम का औचक निरीक्षण



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी** एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव जसबीर कौर ने शनिवार को श्रद्धानंद अनाथ आश्रम का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अपने दौरे के दौरान सीजेएम ने वहां रह रहे सभी बच्चों से बातें की और उनको आ रही परेशानियों के बारे में पूछा। इस पर बच्चों ने बताया कि हमें यहां पर किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं आ रही है।

इसके बाद सीजेएम ने श्रद्धानंद अनाथ आश्रम के रसोई घर में जाकर खाने की गुणवत्ता को जाकर परखा एवं भोजन को लेकर बच्चों से बातचीत की। उन्होंने खाद्य सामग्री अर्थात मिनी चार्ट का विवरण जाना कि उन्हें प्रतिदिन सुबह, दोपहर, रात में भोजन के दौरान क्या-क्या खिलाया जाता है। इसके बाद प्रत्येक बच्चे के कक्ष में जाकर उनको प्रदान की जाने वाली सुविधाएं जैसे उचित लाइट प्रबंध एवं साफ सफाई का जायजा लिया एवं स्टोर रूम का भी निरीक्षण किया। श्रद्धानंद अनाथ आश्रम ट्रस्ट के स्टाफ ने बताया कि अभी यहां पर 80 बच्चे रह रहे हैं, जिसमें से लडकों की संख्या 45 और लड़कियों की संख्या 35 हैं। वर्ष 2022 में यहां पर रसोई का आदि आधुनिकरण किया गया है और बच्चों के लिए खाना बनाने के लिए आधुनिक मशीनें लगाई गई है। बच्चों के लिए समय पर स्कूल या कॉलेज जाने की व्यवस्था कराई गई और समय-समय पर बच्चों के लिए रंगोली भाषण प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाता है।

**प्रतियोगिता**

**8 समय-समय पर बच्चों के लिए रंगोली भाषण प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाता है**

## अनूठा और सारगर्भित कार्यक्रम शिक्षा की सवामणी लांच करेगा प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट नारनौल

**टीम एक्शन इंडिया/संतोष कुमार**
**नारनौल। अभी तक** हमने धार्मिक प्रयोजनों के लिए हनुमान जी की सवामणी, माता की सवामणी, श्याम बाबा की सवामणी सुनी और देखी थी ' इसके अलावा गौशाला में गायों केलिए सवामनी भी समय समय पर की जाती रही है ' क्षेत्र की अग्रणी संस्था प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट नारनौल अपने नवाचारी प्रकल्प के तहत रविवार को अनोखी सवामणी करने जा रही है ' ट्रस्टी भीमसेन शर्मा ने बताया की ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा द्वारा ह्यशिक्षा की सवामणीह्ल नामक एक अनोखा प्रकल्प रखा गया जिसे रविवार से आरम्भ किया जा रहा है ' शिक्षा की सवामणी प्रोजक्ट को पेश करते हुए अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया की जिस प्रकार हम सुअवसरों पर हनुमान जी की सवामणी , गायों की सवामणी करते है ठीक उसी प्रकार ह्यसवामण लेखन सामग्रीह्ल जरूरतमंद विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई जायेगी क्या है शिक्षा की सवामणी झ्र नगर में प्रथम बार सामाजिक सरोकारों से जुड़े ह्लशिक्षा की सवामणीह्व कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि वास्तव मे शिक्षा देना सबसे बड़ा धर्म का काम है क्योंकि शिक्षा के कारण ही कोई समाज विकसित और सम्पन्न हो सकता है। अगर हम प्रसाद के रूप में शिक्षण सामग्री वितरित करते है तो यह समाज का कल्याण की दिशा में सार्थक कदम होगा। उन्होंने कहा कि लाखों रुपए भोजन पर व्यय करने वाले थोड़ी सी राशी इस सवामणी पर भी खर्च करे तो और भी पुण्य के भागीदार रहेंगे ' इस सवामणी में जरुरत मंद बच्चों को किताबें, कापियां, पेन, पेन्सिल, बैग आदि सवामण लेखन सामग्री निशुल्क उपलब्ध कराइ जाएगी।

### माध्यमिक एवं वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षाओं के मद्देनजर जिले में धारा 144 जारी: अनीश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। हरियाणा** विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित की जाने वाली माध्यमिक एवं वरिष्ठ माध्यमिक परीक्षाओं के मद्देनजर जिलाधीश अनीश यादव ने निषेधाज्ञा के आदेश जारी किए हैं। परीक्षाएं 19 अक्तूबर से 8 नवंबर तक जिला के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। जिलाधीश ने बताया कि परीक्षाओं को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह आदेश जारी किए गए हैं। अपराध प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के आदेशों के तहत जिले के सभी परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में 5 या उससे अधिक लोगों के एक स्थान पर इकट्ठा होने पर तथा परीक्षा के दिन फोटोस्टेट की दुकान खोलने पर भी पाबंदी रहेगी।

## पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर किया नमन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। कैथल रोड** पर स्थित पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनकी वीरता व उनके द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया। पुलिस स्मारक स्थल पर मौजूद पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों व वीर शहीदों के परिजनों ने शहीदों को नमन किया व कुछ क्षण का मौन धारण कर उन्हें याद किया गया। यह दिन हर साल 21 अक्टूबर को उन बहादुर पुलिसकर्मियों को याद करने और सम्मान देने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने कर्तव्य की पंक्ति में देश की सेवा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक सतेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि यह दिन उन वीर जवानों की याद मे बनाया जाता है, जिन्होंने चीन की फोर्स से मुकाबला करते हुए अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। इस दिन शहीद हुए पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि दी जाती है और उन्हें याद किया जाता है। यह पल हमारी पुलिस फोर्स के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने बताया कि यह दिवस इसलिये मनाया जाता है, क्योंकि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग में देश की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति में तैनात केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक छोटे से गश्ती दल पर चीनी सेना द्वारा भारी संख्या में घात लगाकर हमला किया गया था। इस लडाई में दस केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के रणबांकुरों ने सर्वोच्च बलिदान दिया था। जिन्होने देश के नागरिकों की सुरक्षा व राष्ट्र सेवा हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता और निष्ठा के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए अपने प्राणों की परवाह किये बिना अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया।

**नमन किया**

**8 पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों व वीर शहीदों के परिजनों ने शहीदों को नमन किया**

## सभी 50 केन्द्रों पर शांतिपूर्ण एवं नकलरहित सम्पन्न हुई सीइटी की परीक्षा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। हरियाणा राज्य** कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित ग्रुप डी के चयन के लिए सीईटी परीक्षा आज जिला में सभी 50 केन्द्रों पर शांतिपूर्ण एवं नकलरहित सम्पन्न हुई। उपायुक्त अनीश यादव ने चार परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया। सुबह के सत्र में 61.53 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे।

उपायुक्त ने आज आदर्श पब्लिक स्कूल, ओपीएस इंटरनेशनल, निशान पब्लिक स्कूल और सेंट थेरेसा कॉन्वेंट स्कूल का दौरा किया। कहीं कोई अनियमितता नहीं मिली। डीसी ने मौके पर सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा प्रबंधों और जैमर आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सुबह के सत्र में 22248 अभ्यर्थियों के लिए व्यवस्था की गई थी, लेकिन इनमें से 13691 अभ्यर्थियों ने ही परीक्षा दी, जबकि 8557 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे। इसी प्रकार सायं के सत्र में 22248 अभ्यर्थियों के लिए व्यवस्था की गई थी, लेकिन इनमें से 14043 अभ्यर्थियों ने ही परीक्षा दी, जबकि 8205 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे। सायं के सत्र में 63.12 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे। रविवार को भी दोनों सत्रों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। हर सत्र में 22248 अभ्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। प्रशासन दूसरे जिलों से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए बसों आदि की समुचित व्यवस्था पहले ही कर चुका है। रविवार को भी सुबह के सत्र में 10 बजे से 11.45 बजे तक तथा सायं के सत्र में दोपहर बाद 3 बजे से 4.45 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएंगी। उपायुक्त ने बताया कि इन परीक्षाओं के लिए एसडीएम घरौंडा अदिति को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## बेटे ने मां-बाप को मारे चाकू, बीच बचाव करने आए भाई पर भी किए वार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** जिले के मोहिउद्दीनपुर गांव में एक बेटे ने अपने मां-बाप को चाकुओं से हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया। यही नहीं बीच बचाव करने आए भाई पर भी उसने वार कर दिए। आरोपी बेटे को उसके माता-पिता द्वारा अपनी संपत्ति से कुछ समय पहले बेदखल कर दिया गया था। इसी की रंजिश आरोपी ने मन में पाल रखी थी। पुलिस ने माता पिता की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

पुलिस को दी शिकायत में मोहिउद्दीनपुर निवासी लक्ष्मण दास ने बताया कि उसके तीन बेटे हैं, जिनमें नरेंद्र, सुधीर और अश्वनी और एक बेटी सुमन है। उसका बेटा नरेंद्र उनके साथ लड़ाई-झगड़ा करता रहता था, जिसके चलते उसने बेटे को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया। पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार को उसका बेटा नरेन्द्र घर पर आया। यहां उसने गोली गलौच करना शुरू कर दिया। जब इसका विरोध किया तो उसने मारपीट शुरू कर दी। इस बीच नरेन्द्र ने उस पर चाकू से वार कर दिया। बीच-बचाव करने आई मां पर भी हमला कर दिया। इसके बाद दूसरा बेटा अश्विनी बचाने के लिए दौड़ा तो उसे भी चाकू मारकर घायल कर दिया।

## विस्तार अधिकारी मल्टीमीडिया के माध्यम से किसानों तक पहुंचाएं नवीन तकनीकः जसविंद्र कौर



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**चौधरी चरण** सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में आज श्विस्तार अधिकारियों के लिए मल्टीमीडिया एवं संचार कौशल विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। संस्थान की प्रशिक्षण ईंचार्ज डा. जसविंद्र कौर ने कहा कि मल्टीमीडिया एवं संचार कौशल के माध्यम से विस्तार अधिकारी किसानों तक नवीन तकनीक एवं जानकारियां अधिक प्रभावशाली तरीके से पंहुचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह संस्थान वाईस-चांसलर प्रोफेसर बीआर. कांबोज, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नेतृत्व में उत्तर भारत के राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य पालन, वानिकी, महिला एवं बाल विकास इत्यादि विभागों के विस्तार अधिकारियों को प्रशिक्षण देने का काम कर रहा है। हर तरह का वित्तीय सहयोग देने के लिए विस्तार निदेशालय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की भी सराहना की। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डा. बलवान सिंह मंडल का भी धन्यवाद किया। कार्यक्रम के संयाजक डा. अजय कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में उत्तर प्रदेश, पंजाब, झारखंड एवं जम्मू-कश्मीर के विस्तार अधिकारियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों को भ्रमण भी करवाया गया है और इसके साथ-साथ विभिन्न संस्थानों से व्याख्यानों के लिए विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया गया था।

# मेयर मदान ने चिटाने वाली माता का लिया आशीर्वाद

**रामलीला मैदान , कामी रोड पर चल रहे वार्षिक मेले में पहुँचे मेयर निखिल मदान, मेयर निखिल मदान आरती में हुए शामिल, पूजा अर्चना कर माता रानी का लिया आशीर्वाद, कार्यक्रम में उपस्तिथ भक्तों को दी नवरात्रि पर्व की शुभकामनायें**





**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**नगर निगम** मेयर निखिल मदान शनिवार सुबह कामी रोड पर रामलीला मैदान में पहुँचे, जहाँ उन्होंने नवरात्रि के अवसर पर हर साल आयोजित होने वाले चिटाने वाली माता के मेले में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने माता रानी की आरती में हिस्सा लिया और पूजा अर्चना कर चिटाने वाली माता का आशीर्वाद लिया। मेयर निखिल मदान ने कहा की नवरात्रि का पर्व सनातन धर्म में एक विशेष स्थान रखता है। इसमें सभी भक्त नौ दिन तक सनातन पूजा पद्धति से माँ दुर्गा के नौं स्वरूपों की पूजा अर्चना करते है। प्रथम दिन माँ शैलपुत्री ,द्वितीय दिन माँ ब्रह्मचारिणी ,तृतीय दिन चंद्र घटा ,चतुर्थ दिन माँ कुष्मांडा ,पांचवे दिन माँ स्कंदमाता ,छठे दिन माँ कात्यायनी ,सातवें दिन माँ कालरात्रि ,आठवें दिन माँ महागौरी और नवें दिन माँ सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है और कंजक पूजन किया जाता है। मेयर निखिल मदान ने कहा कि पूरे सोनीपत जिले में चिटाने वाली माता की मान्यता है और वो माता रानी,मां जगदम्बे से सभी शहरवासियों के कुशल मंगल की कामना करते हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि नवरात्रों में चिटाने वाली माता की छठ की कड़ाही के साथ वार्षिक मेले की शुरूआत हो चुकी है। इस अवसर पर प्रधान महेश गोयल,पं अमित शौनक ,तरुण गोयल ,अशोक,कैलाश कुच्छल,अजय कुच्छल,दीपक गोयल,अनिल कुच्छल,मनीष कुच्छल,प्रदीप कुमार,नरेश गोयल ,सुधीर कुमार,देवेंद्र कुच्छल,अमित शर्मा,शुभम गोयल,वेद कुच्छल मौजूद रहे।

# मेपल बेयर कैनेडियन स्कूल में धूमधाम से मना डांडिया नाइट्स उत्सव



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**मेपल** बेयर कैनेडियन स्कूल में नवरात्रों के उपलक्ष में डांडिया नाइट्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों व अभिभावकों ने हिस्सा लेकर कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ट्रेंनिंग डिपार्मेंट सेकेंडरी एजुकेशन हरियाणा से डॉ अजय बल्हारा,विशिष्ट अतिथि के रुप में नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी व समाजसेवी दिनेश कौशिक ने शिरकत की। स्कूल की निर्देशिका डॉ सुनीता शर्मा ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया।
कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों ने राम की महिमा का गुणगान करते हुए आकर्षण नृत्य रामा प्रस्तुत किया। इस मौके पर मेहंदी आदि के स्टॉल भी लगाए गए। अतिथियों के साथ-साथ स्कूल के अभिभभावकों व विद्यार्थियों के साथ स्कूल स्टाफ ने पारंपरिक परिधान में जमकर डांडिया खेला। कार्यक्रम में कार्यक्रम में अनेक स्टॉल भी लगवाई गई। अभिभावक व बच्चों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया। डांडिया नाइट के मौके पर सभी ने एक-दूसरे को नवरात्र की बधाई दी और स्कूल प्रबंधन का इस रंगारंग सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। डॉ सुनीता शर्मा ने कहा की बच्चों को उनकी संस्कृति से जोड़े रखने के प्रयास के उद्देश्य के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। स्कूल में समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं ताकि बच्चों को अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक किया जा सके। आज बच्चे पाश्चात्य संस्कृति के बीच अपने पारंपरिक त्यौहारों को भी इस तरह से मनाने में रुचि रखते हैं, यह बेहद प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा की अध्यापकों, अभिभावकों व बच्चों के साथ एक यादगार डांडिया नाइट आयोजित हुई है। सभी ने इसका बेहद मजा लिया है। बच्चों व अभिभावकों में उत्साह देखते ही बना। डांडिया नाइट्स के दौरान एंकर गेम्स एंकर गेम्स, एडवेंचर एक्टिविटीज, ग्रेट ग्रैंड तंबोला, टैटू आर्टिस्ट वेब फूड स्टॉल स्कूल प्रांगण में लगवाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्रा व शिक्षक-शिक्षिकाएं रंग-विरंगे पोशाकों से सुसज्जित डाँडिया की धुन पर खुब थिरके। मां दुर्गा की स्तुति वंदना के साथ-साथ डाँडिया से संबंधित एक से एक गाने बजे, जिससे विद्यालय का प्रांगण भक्तिमय हो गया। बच्चों ने रंगीलो मारो ढोलना, घूमर घूमर इत्यादि गानों पर नृत्य किया तथा डांडिया का भरपूर लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ड्रीम होम सोसाइटी के प्रेसिडेंट आकाश वर्मा,स्कूल स्टाफ से दीक्षा मदान,महिमा धवन,मीनाक्षी पालीवाल,निधि छिल्लर,इशिता आनंद,प्रोमिला कौशिक,अनिशा कौशिक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### गांव राठधाना के समाजसेवी मोनू पंडित सर्वश्रेष्ठ समाजसेवी के सम्मान से सम्मानित



**राई:** गांव राठधाना के समाजसेवी मोनू पंडित को सर्व श्रेष्ठ समाजसेवी सम्मान से नवाजा गया। अध्यात्म योग संस्थान एवं संस्कृत विभाग व आई. क्यू.ए.सी. भारती महाविद्यालय दिल्ली विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आजादी के अमृत महोत्सव व महर्षि दयान्नद सरस्वती की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम में उन्हें सम्मान से नवाला गया। इसके अलावा अध्यात्म योग संस्थान द्वारका नई दिल्ली द्वारा सर्वश्रेष्ठ समाजसेवी के सम्मान से नवाजा गया। उन्हें यह सम्मान दो दिवसीय अर्न्तराष्ट्रीय योग महासम्मेलन में हुआ। समाजसेवी मोनू ने बताया कि कार्यक्रम में उतराखंड प्रभारी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम जाजू भी कार्यक्रम में अतिथि थे। अतिथियों ने उनके द्वारा किए कार्य की सराहना की।

### पशु रोग जाँच प्रयोगशाला द्वारा अनुसूचित जाति के पशुपालको को किया जागरुक

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो० (डॉ) विनोद वर्मा के निदेर्शानुसार पशु रोग जाँच प्रयोगशाला, नारनौल द्वारा डॉ राजेश खुराना के दिशा निर्देशन में अनुसूचित जाति के पशुपालकों के लिए ग्राम निवाजनगर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गयो इस शीवर के संयोजक वैज्ञानिक डॉ देवेन्द्र सिंह रहे` शिविर का आयोजन में सेवा सदन समिति महेंद्रगढ़ ने भी सहयोग दिया ।शिविर में पशुपालकों को आधुनिक पशुपालक के वैज्ञानिक विधि, पशु आहार में मोटा अनाज का उचित उपयोग आदि के बारें में जानकारी वैज्ञानिक डॉ देवेन्द्र सिंह एवं डॉ ज्योति द्वारा जानकारी प्रदान की गई डॉ ज्योति ने पशुपालकों को पशुपालन में संतुलित आहार एवं खनिज मिश्रण का महत्व, पशु आहार में मोटे अनाज का महत्त्व, बाजरे का हरे चारे में महत्त्व, आपदा प्रबंधन, थनेला रोग से बचाव, पशु जन्य रोगों से बचाव आदि के बारे में जानकारी डॉ. देवेन्द्र सिंह एवं डॉ. ज्योति शुन्ढवाल द्वारा दी गई आयोजको द्वारा बताया गया कि पशु रोग जांच प्रयोगशाला, नारनौल द्वारा ऐसे शिविर समय समय पर पशुपालको को जागरूक करने के लिए महेंद्रगढ़ जिले के गाँव में लगाये जाते हैं



### शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ युवा समाज निर्माण में सक्षम: डा. नरेश भार्गव

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** भारतीय रेडक्रॉस समिति की हरियाणा राज्य शाखा द्वारा हरिद्वार के श्री नंगली बेला आश्रम में राज्य स्तरीय जूनियर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में विषय विशेषज्ञ के रूप में श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. नरेश भार्गव रहे। उन्होंने रैडक्रास स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ युवा ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते है। अगर समाज स्वस्थ रहेगा तो देश के स्वास्थ्य बजट मे कटौती होगी और देश पर वित्तीय भार नही पड़ेगा। डॉ. भार्गव ने आदर्श दिनचर्या और भारतीय रसोई में बनने वाले आहार के औषधीय गुणों के बारे में जानकारी दी ' हर युवा को प्रतिदिन अच्छे व्यायाम के साथ-साथ अपनी दिनचर्या में सन्तुलित और स्वच्छ आहार शामिल करना चाहिए। जिसके सेवन से मनुष्य चिरायु को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के भागीरथी प्रयास द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ ने साल 2023 को मोटा अनाज वर्ष (मिलेट वर्ष) के रूप में घोषित किया है। भारत सरकार ने भी मिलेट को श्रीअन्न नाम दिया है और भोजन में इनका उपयोग बढ़ावा देने के लिए देशवासियों में जागृति अभियान चला रही है मोटा अनाज सेहत का भंडार है, जो विटामिन्स,फाइबर, प्रोटिन और मिनरल्स से भरपूर होता है।
मोटा अनाज रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ ही हड्डियों को मजबूत करता है और व्यक्ति को मधुमेह व ह्दय रोग से बचाता है।

# श्री राम नाटक क्लब के कलाकारों ने बाली वध की दी प्रस्तुति



**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत, कमाल हुसैन**
**बरसत रोड** स्थित श्री राम धर्मशाला नूरवाला में श्री राम नाटक क्लब द्वारा श्री रामलीला मंचन का 52वां महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसमें श्री हनुमान दर्शन व बाली वध का मंचन किया गया। जिसमें बाली की भूमिका रमन छोकरा एवं सुग्रीव की भूमिका मन्नी पुनानी ने निभाई। वहीं हनुमान जी की भूमिका सौरभ छोकरा व श्री राम की भूमिका अविनाश पुनानी एवं लक्ष्मण की भूमिका ब्रिज पुनानी ने निभाई। दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर श्रीराम सेवा दल के प्रधान हरबंस लाल आनंद, महासचिव रामस्वरूप चावला, निर्देशक प्रदीप नवीन, कोषाध्यक्ष कृष्ण मोंगिया, प्रवक्ता राकेश आनंद, पूर्व प्रधान तिलक राज छोकरा, हरीश इशपुनानी, अशोक चुघ, अनिल मलिक, रमेश सतीजा, नरेश आनंद नंबरदार, दिनेश मदान, राजन छोकरा, गौरव छोकरा, पूर्ण भगत, गुलशन, मदन लाल व सुमित चुघ आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। वहीं हरियाणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष विनोद पांचाल , पत्रकार मोहन लाल ,समाजसेवी अनिल मलिक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रधान हरबंस आनंद ने कहा की कलाकारों की प्रस्तुति से समाज में बहुत अच्छा संदेश जा रहा है। इसी संदेश को आगे बढ़ाने के लिए प्रति वर्ष श्री रामलीला का मंचन किया जाता है। उन्होंने बताया कि रामलीला के हर किरदार से हमें कुछ ना कुछ सीखने को अवश्य मिलता है।

## रंगमंच पर खेला गया नागिन सपेरा नाटक



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**रंगमंच** कला संगम द्वारा 61वां धर्म प्रचार महोत्सव मनाया जा रहा है। प.सुशील शर्मा ने हवन यज्ञ करके महोत्सव की शुरूआत कराई। प्रसिद्ध नाटक नागिन-सपेरा की प्रस्तुति दी गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी अश्वनी जिंदल रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में एमएल गर्ग, विनय सिंगला व अजय गोयल मौजूद रहे। मुख्य अतिथि अश्वनी जिंदल ने कहा कि रंगमंच सबसे पुराना मंच है। जिसने अनेकों कलाकार दिए हैं। प्रसिद्ध कलाकार प्राण, सत्यन कप्पू इसी मंच की देन हैं। जिन्होंने पानीपत का नाम मुम्बई में रोशन किया है। जिनका प्रधान रमेश मल्होत्रा, महासचिव यश गुप्ता, चंदगी राम प्रजापत, श्याम सैनी, विनोद पांचाल, मुलख राज गरेजा, देवेंद्र गुप्ता, सुमित, गौरव,मोहन लाल, अशोक लूथरा ने पगड़ी, माला, पटका पहनाकर की गई।

# निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 343 की आंखों की जांच में 46 ऑपरेशन योग्य मिले



**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**राई हलके** के गांव भैरा बाकीपुर में राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारम्भ संस्था के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा ने किया। शिविर में 343 लोगों की आंखों की जांच करवाई, जांच के दौरान 46 ऐसे बुर्जुग मिले जिनकी संस्था द्वारा दिल्ली में निशुल्क आंखे बनवाई जाएगी। डा. धीरेंद्र सिंह ने जांच की और शिविर में आए रोगियों को निशुल्क व चश्मे का वितरण करवाया। प्रतीक शर्मा ने कहा कि फाउंडेशन के द्वारा हलके के सभी गांवों में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाए जाएंगे। हलके के दर्जनों गांवों में शिविर लगाए जा चुके है। जिनका ग्रामीणों को पूरा लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि संस्था का प्रयास है कि गांवों में ऐसे शिविर का आयोजन हो। शिविर में वेदपाल चौहान ,विजयपाल चौहान, मनीष चौहान, भिक्कन मास्टर, राकेश, प्रताप, सरदार, विजय, आशु, अशोक कुमार, योगेश चौहान, राजेंद्र आदि शामिल रहे।

## जीनगर समाज प्रधान किशोर गहलोत ने किया विधायक का धन्यवाद

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**जीनगर समाज** धर्मशाला पानीपत के प्रधान किशोर गहलोत ने किया विधायक का धन्यवाद,पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज के प्रयासों से नगर निगम द्वारा जीनगर धर्मशाला को 28 लाख की ग्रांट दी तथा निगम द्वारा एक कंस्ट्रक्शन कंपनी को ठेका दिया गया। इस अवसर धर्मशाला समिति के संरक्षक अमरनाथ ढालियां, उपप्रधान अशोक डाबी, महासचिव ओम प्रकाश जी गहलोत, कोषाध्यक्ष तेजभान ढालिया, सहसचिव राकेश ढालिया, प्रबंधक विक्की ढालियां, सदस्य राकेश गहलोत, सदस्य गणेश ढालियां, बेताब गहलोत, सदस्य सन्नी सिसोदिया, सदस्य विजय चायल, रेलवे रोड एसोशिएशन के प्रधान अनिल मदान भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

# शारदा रामलीला में हुआ बाली वध



**टीम एक्शन इण्डिया /कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) स्थाण्वीश्वर महादेव** मंदिर मार्ग स्थित नेताजी सुभाष पार्क में शुक्रवार रात्रि झांसा रोड चौंक वाली जयश्री शारदा रामलीला एवं दशहरा सोसायटी की रामलीला में शबरी की कुटिया में राम-लक्ष्मण का सत्कार,हनुमान जी की राम-लक्ष्मण से प्रथम भेंट,राम-सुग्रीव मित्रता और बाली वध आदि प्रसंगों के दृश्य दिखाए गए। इस अवसर पर जजपा नेता रिक्की नंदा,अमन सहगल,संदीप सहगल और गोकुल आदि अतिथियों ने मां शारदा की आरती में हिस्सा लिया। रामलीला के प्रधान सतीश शर्मा और सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। रामलीला के मंच पर अपने संबोधन में रिक्की नंदा ने कहा कि आज की व्यस्त जिंदगी में मनुष्य भौतिकवादी सुखों की ओर दौड़ रहा है, जिस कारण वह भारतीय संस्कृति को अनदेखा करके पाश्चात्य संस्कृति को अपना रहा है। रामलीलाओं जैसे मंचों से ही भारतीय संस्कृति जीवित है। उन्होंने दर्शकों से आहवान किया कि वे अपने बच्चों को रामलीलाओं में अवश्य लाऐं, जिससे उन्हें भारतीय संस्कृति और रामायण पात्रों के दर्शन हो सके। उप प्रधान सोहन लाल काकयान ने बताया कि मंच पर रामलीला कलाकारों के अतिरिक्त अन्य प्रतिभावान कलाकारों ने भी अपनी कला के दृश्य दिखाए।महासचिव नरेश चौधरी व सचिव अरविंद मोहन शर्मा ने बताया कि सरपरस्त दर्शनलाल सैनी के निर्देशन में मंच पर कलाकारों में सुमित गर्ग ने राम, शिव भटनागर ने लक्ष्मण,राकेश ठाकुर ने शबरी और सुग्रीव,धैर्य चुघ ने अंगद,गोविंद ने जाम्बवंत,महिपाल धीमान ने बाली,अथर्व,लव सैनी,अभिषेक और शिवम सैनी ने सुग्रीव के दरबारियों का अभिनय किया। बड़ी संख्या में आए दर्शकों ने जय श्री राम के जयकारे लगाए। इस मौके पर सरपरस्त भूषण गुप्ता, करनैल सिंह, बालकृष्ण, प्रधान सतीश शर्मा,महाप्रबंधक विजय गाबा,प्रबंधक संजीव पांडे, सचिव यशपाल सैनी, पदम धीमान,अजय ठाकुर,निर्देशक संजीव कौशिक,सतीश गाबा,अमित शर्मा, और गुरमीत सिंह खालसा आदि शामिल रहे।

# पुष्पक विमान से हवा में हर ले गया रावण सीता को



**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। रामलीला** परिषद के राजाराम पालडी रंगमंच पर भरत मिलाप व सीता हरण की अदभुत लीला के मंचन के दौरान रावण द्वारा आकाश मार्ग से मां सीता को वायु मार्ग से ले जाने के हैरतअंगेज दृश्य को देखकर उपस्थित लोगों ने जमकर तालियां बजाई। इतना ही नहीं सीता हरण के समय मां जानकी का आकाश में ही गाया गया विरह गीत भी काफी चर्चा का विषय रहा। बता दें कि हरियाणा प्रदेश की किसी भी रामलीला में आकाश मार्ग से पुष्पक विमान में सीता हरण का दृश्य नहीं दिखाया जाता। इस दौरान जिला गौड़ ब्राह्मण सभा के प्रधान अधिवक्ता राकेश मेहता व समाजसेवी नवीन राव मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे। राकेश मेहता व नवीन राव ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर लीला का शुभारंभ किया। अधिवक्ता राकेश मेहता ने कहा कि रामलीला का मंचन देखने के लिए इतनी बड़ी संख्या में दर्शकों का आना इस बात का प्रमाण है कि लोग आज भी अच्छी चीज देखना पसंद करते हैं। रामायण के एक-एक संसर्ग में संस्कारों को जीवित रखने के लिए प्रेरित किया जाता है। समाजसेवी नवीन राव ने कहा कि सनातन धर्म में प्रत्येक घर में रामायण का पाठन करना संस्कारों को जीवित रखना है।

रावण के अभिनय में दिनेश मेहता और सीता के अभिनय में पंकज यदुवंशी के संवादों ने दर्शकों की जमकर तालियां बटोरी। सीता हरण के पश्चात भगवान राम का सीता के विरह में रुदन से भरा दृश्य देख दर्शकों की आंखें नम हो गई। राम के अभिनय में रवि सैनी, लक्ष्मण के अभिनय में चंद्रमोहन, खर-दूषण के लक्की यादव पुनीत भारद्वाज, अगस्त्य ॠषि के कमल, शबरी के अभिनय में सतीश गौड़ को दर्शकों ने खूब सराहा।

# 'जनता ने मौका दिया तो गन्नौर को अलग पहचान दिलाने का काम करेंगे'

**उनका जीवन हलके की जनता के लिए समर्पित: देवेंद्र कादियान**



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**देवा सोशल** वेलफेयर सोसायटी गन्नौर के संस्थापक देवेंद्र कादियान ने कहा कि उनका जीवन हलके की जनता के लिए समर्पित है। हलके के लोगों के लिए वे हर समय समर्पित भाव से काम करने के लिए तैयार है। कहा कि समाजसेवा की भावना से वे काम कर रहे है और लोगों का आए दिन बढ़ रहा समर्थन उनका और ज्यादा काम करने का हौसला दे रहा है। ये बातें समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने शनिवार को थरया व डबरपुर गांव की चौपाल में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कही। कादियान ने इन दोनों गांवों को एक-एक ई-ऑटो रिक्शा भेंट की गई। ताकि गांव में घर-घर से कूड़ा का उठाव किया जा सके। गन्नौर की सभी पंचायतों में इसे लागू किया जाना है। इसको लेकर देवा वेलफेयर सोसायटी द्वारा गांवों में ई-रिक्शा वितरित की जा रही है। इससे पहले यहां पर पहुंचने पर कादियान का ग्रामीणों ने फूलमाला व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया है। देवेंद्र ने कहा कि अपने स्तर पर तो वे समाजसेवा के कार्य कर रहे है लेकिन कुछ काम ऐसे है जो बिना राजनीतिक शक्ति के नहीं किए जा सकते। जैसे गलियों-सड़कों का निर्माण, बिजली, पानी आदि विकास कार्यों के लिए राजनीति ताकत का होना भी आवश्यक है। जीवन की एक ही तमन्ना है जितनी भी समाज की सेवा कर सकूं उतनी ही कम है। अगर जनता ने उनके हाथ मजबूत किए राजनीतिक शक्ति मिलने पर वे गन्नौर में विकास करवाते हुए एक अलग पहचान दिलाने का कार्य करेंगे। वहीं, वहीं, ग्रामीणों ने समाजसेवी देवेंद्र कादियान द्वारा किए जा रहे कामों की सराहना की और भरोसा दिलाया कि वे लोगों का भला करने वाले का साथ देंगे। मौके पर थरया सरपंच फरमान, सुनील प्रधान, राज सिंह, जिले सिंह, जमशेद, यासीन राणा, काला नंबरदार, डा. मेजर, जसबीर सरपंच चटिया, नरेश, यूसुफ नंबरदार, हरिराम, दयानंद, दयाचंद आदि मौजूद रहे।

# राज्य शिक्षक पुरस्कार विजेता डॉ जितेन्द्र को रोटरी क्लब ने किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** रोटरी क्लब नारनौल सिटी द्वारा शनिवार को डॉ जितेंद्र भारद्वाज को राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार 2022 मिलने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब नारनौल के प्रधान नरेश गोगिया ने डॉ जितेन्द्र को बधाई देते हुए कहा कि वर्ष 2022 एवं 2023 के शिक्षक पुरस्कार में जिले से एकमात्र विजेता रहकर उन्होने महेंद्रगढ़ जिले व क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है, इसलिए श्रेष्ठ शिक्षकों का सम्मान राष्ट्र का सम्मान है। कार्यक्रम में संस्था की ओर से डॉ जितेंद्र भारद्वाज को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए रोटरी क्लब के रीजनल चेयर एडमिन व भारत विकास परिषद के अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार यादव ने कहा कि एक शिक्षक ही आज के विद्यार्थियों को सही मार्ग पर अग्रसर करता है, जिस पर चलकर विद्यार्थी देश को गौरवान्वित करते हैं और एक समर्पित शिक्षक के बिना यह असंभव है। रोटरी क्लब के पूर्व प्रधान व डिस्ट्रिक्ट रसोई चेयरमैन प्रवीण संघी ने कहा कि डॉ जितेन्द्र शिक्षक के साथ एक समाजसेवी के रूप में भी राष्ट्रसेवा में संलग्न रहते हैं जो कि सराहनीय है।

# आदर्श नगर रामलीला : शबरी और सुग्रीव से हुआ राम का मिलन





## भगवान राम ने अपने छोटे भाई लक्ष्मण सहित शबरी को दर्शन दिए, इसके साथ ही भगवान राम ने शबरी की भक्ति से खुश होकर उनके हाथों से उसके जूठे बेर भी खाए

**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**आदर्श** नगर की रामलीला देखने लोग दूर-दूर से आ रहे हैं। हर कोई रामलीला में भगवान राम के जीवन का मंचन देख भावविभोर हो रहा। इसी बीच कहीं भक्त शबरी का अपने प्रभु के प्रति प्रेम को दिखाया गया तो कहीं राम और हनुमान का मिलन देख दर्शक भाव विभोर हो गए। आदर्श नगर रामलीला में प्रभु राम का माता शबरी से मिलने के दृश्य का मंचन किया गया। जहां मुनि मतंग के कथन अनुसार वह भगवान राम का बरसों से



इंतजार कर रही थीं। भगवान राम ने अपने छोटे भाई लक्ष्मण सहित उनको दर्शन दिए। इसके साथ ही भगवान राम ने शबरी की भक्ति से खुश होकर उनके हाथों से उसके जूठे बेर भी खाए। अगले दृश्य में राम और हनुमान का मनोरम मिलन देख दर्शक भाव विभोर हो गए। इस दौरान हनुमान का अपने प्रभु राम के प्रति प्रेम भाव दिखाया गया। हनुमान ने राम और सुग्रीव की मित्रता करवाई।

**ये लोग रहे मौजूदः** पूर्व सिविल लाईन जोन चेयरमैन नीलम बुद्धिराजा, पूर्व एपीएमसी सदस्य सुरेंद्र बुद्धिराजा आदि मौजूद रहे।





## आदर्श मिथिला समिति द्वारा सातवां दुर्गा पूजा महोत्सव आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**शालीमार** बाग विधानसभा क्षेत्र के शालीमार गांव स्थित शीश महल पार्क के पास आदर्श मिथिला समिति द्वारा सातवां दुर्गा पूजा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर संजय झा मंडल अध्यक्ष, हेमकांत मिश्रा, शिवेंद्र मिश्रा, वीरेंद्र झा, रविंद्र कांत झा, प्रकाश झा, संजय मिश्रा, रोशन सिंह, समाज सेवी राजकुमार चौधरी, शिवम कुमार, शिवराज कुमार, शिवानी कुमारी, रानी कुमारी, भैरव झा, लालबाबू चौधरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## जहांगीरपुरी की रामलीला में हुआ हनुमान मिलन व बाली वध

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जहांगीरपुरी स्थित आई ब्लॉक रामलीला पार्क में सर्वप्रिय जन संगठन के द्वारा भव्य रूप में प्रभु श्रीराम की लीला का मंचन किया जा रहा है। शनिवार को लीला में हनुमान-सुग्रीव मिलन, बाली वध मुख्य दृश्य रहे।

इस मौके पर अतिथि के रूप में सिविल लाईन जोन के चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब मौजूद रहे। इस अवसर पर सर्वप्रिय जन संगठन के राजेंद्र सिंह बिष्ट प्रधान, मुकेश गर्ग महासचिव, टीटू राम वरिष्ठ उपप्रधान, पवन गोयल उपप्रधान, मुख्य संयोजक नरेन्द्र पाल शर्मा, विनोद सहगल उपप्रधान, प्रमोद शर्मा उपप्रधान,



जितेंद्र चौरसिया उपप्रधान, आनंद कुमार पांडे सचिव, संजय सिंह बिष्ट कोषाध्यक्ष, दीपक मनचंदा सह कोषाध्यक्ष, नवीन वर्मा, सुमित ठाकुर, विपिन तिवारी, डॉक्टर मुकेश गर्ग, डॉक्टर शम्भू यादव मौजूद रहे। इस अवसर पर



मुकेश गर्ग महासचिव और टीटू राम वरिष्ठ उपप्रधान ने बताया कि हम सभी को प्रभु श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेते हुए गरीब व असहायों की मदद करनी चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। इस अवसर पर प्रधान राजेंद्र बिष्ट और रामप्रवेश मिश्रा ने बताया कि बाली का पात्र दीपक चौधरी और सुग्रीव का पात्र सुनीत ठाकुर और हनुमान जी का पात्र चंद्रशेखर ने निभाया और अपने अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया।

## अशोक विहारः सावन पार्क की रामलीला में हुआ लंका दहन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सावन पार्क इलाके के लाला मीर सिंह रामलीला पार्क में धार्मिक एकता मंच के द्वारा प्रभु श्रीराम की लीला का भव्य मंचन अनुभवी कलाकारों के द्वारा किया जा रहा है। शनिवार को सावन पार्क की रामलीला में लंका दहन के दृश्य को मुख्य रूप से दिखाया गया। इस मौके पर धार्मिक एकता मंच के प्रधान व पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह, उपप्रधान अश्वनी शर्मा, मुख्य समाजसेवी रविन्द्र गुप्ता, मंच संचालक केवल कोहली, निर्देशक अमित कुमार, सह-निर्देशक अजय कुमार, उत्तम कुमार मौजूद रहे।

# मॉडल टाउन की रामलीला में हुआ बाली वध व लंका दहन







**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली की प्रसिद्ध रामलीलाओं में शुमार मॉडल टाउन-॥ की श्री रामलीला कमेटी, मॉडल टाउन के द्वारा भव्य रूप में प्रभु श्रीराम की लीला का मंचन किया जा रहा है।

**चैरिटी के कार्यों के लिए प्रसिद्ध है मॉडल टाउन रामलीलाः** आपको बतादें कि रामलीला में जहां एक और प्रभु श्रीराम की लीला का मंचन किया जा रहा है, वहीं कमेटी के द्वारा चैरिटी के कार्य भी किये जा रहे। जिसके लिए मॉडल टाउन की रामलीला काफी ज्यादा पापुलर भी है।

**लीला में हुआ बाली वध व लंका दहनः** श्री रामलीला कमेटी, मॉडल टाउन की रामलीला में अनुभवी कलाकारों के द्वारा प्रभु श्रीराम की लीला का मंचन किया जा रहा है। शनिवार को लीला में हनुमान मिलन, बाली वध और लंका दहन का मंचन किया गया।



**ये लोग रहे मौजूदः** लीला में मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी, मॉडल टाउन कांग्रेस कमेटी के प्रधान संजय सहगल, जनता की रसोई के कर्ताधर्ता विजय मेहता सहित मॉडल टाउन रामलीला कमिटी की समस्त कार्यकारिणी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस मौके पर रामलीला कमिटी के सीनियर वाईस चेयरमैन निर्भय नरूला ने कमेटी द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस मौके पर प्रभु श्री रामलीला कमेटी मॉडल टाउन के संयुक्त मुख्य संरक्षक हंसराज अरोड़ा, संस्थापक कृष्ण लाल नन्दा, संस्थापक रमेश ग्रोवर, चेयरमैन अजीत चावला, सीनियर वाईस चेयरमैन निर्भय नरूला, प्रधान अजय विरमानी, महामंत्री बीआर अरोड़ा, कोषाध्यक्ष राकेश साहनी, वाईस चेयरमैन विशाल साहनी, वाईस चेयरमैन विनोद वधवा, वाईस चेयरमैन मुकेश मंगला, वाईस चेयरमैन हंसराज रेल्हन, वाईस चेयरमैन अमित मेहरा, वरिष्ठ उपप्रधान कैलाश बोबल, वरिष्ठ उपप्रधान संजय सहगल, वरिष्ठ उपप्रधान हरबंस लाल ढींगडा, संयुक्त कोषाध्यक्ष मनमोहन क्वात्रा, अनन्त कुमार शर्मा उपप्रधान, उपप्रधान विजय मेहता, उपप्रधान डॉ. अनिल गंजू, उपप्रधान संदीप जिन्दल, उपप्रधान सुरजीत सिंह, उपप्रधान सुरेन्द्र आडवानी, उपप्रधान अनुराग पुरी, उपप्रधान चन्द्र शेखर मेहता, उपप्रधान राजीव बोबल, उपप्रधान चन्द्र प्रकाश, उपप्रधान मुकेश वर्मा, लीला मंचन सचिव अशोक गुप्ता, लीला मंचन सहसचिव मनोज गुप्ता, सचिव नीरज चोपड़ा, सचिव रितेश मेहरा, कानूनी सचिव इक्रांत शर्मा, संयुक्त सचिव गुरविन्द सरना, प्रचार मंत्री राहुल वधवा, प्रचार मंत्री दिनेश मंगला सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।




आदर्श रसोई सप्ताह 28वां

# आदर्श रसोई में धूमधाम से मनाया गया महासचिव विनोद गर्ग का जन्मदिन

## 'राकेश भारद्वाज चौक' पर गर्ग परिवार ने रिबन काटकर किया आदर्श रसोई का विधिवत शुभारंभ, टोकन देकर आदर्श रसोई की शुरूआत की गई













**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले "राकेश भारद्वाज चौक" पर धूमधाम से आदर्श रसोई के दूसरे वर्ष के 28वें रविवारीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### धूमधाम से मनाया गया आदर्श रसोई के महासचिव विनोद गर्ग का जन्मदिन

दूसरे वर्ष के 28वें रविवारीय आयोजन पर आदर्श रसोई की पूरी टीम ने द ग्राफिक्स के चेयरमैन और आदर्श रसोई के महासचिव विनोद गर्ग का जन्मदिन खूब धूमधाम से मनाया। इस दौरान रसोई के अधिकतर सदस्य मौजूद रहे। साथ ही पूरे गर्ग परिवार ने भी शिरकत की।

### विधिवत रूप से गर्ग परिवार ने रिबन काटकर की आदर्श रसोई की शुरूआत

अपनी नई और नायाब पहल के लिए मशहूर आदर्श रसोई में इस बार भी कुछ अलग ही देखने को मिला। इस बार आदर्श रसोई ने रसोई के सबसे कर्मठ सदस्य और महासचिव विनोद गर्ग का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर गर्ग परिवार भी मौजूद रहा। गर्ग परिवार ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत की। श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने अतिथियों का भव्य स्वागत किया और फूलों की माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

### क्या बोले महासचिव विनोद गर्ग

इस विशेष मौके पर विनोद गर्ग ने कहा कि **"राकेश भारद्वाज चौक"** पर आदर्श रसोई ने सफलतापूर्वक डेढ़ वर्ष पूरा कर लिया है। इसके लिए सभी को बधाई। इन डेढ़ साल में आदर्श रसोई ने कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं और सामाजिक कार्य में एक नई मिसाल पेश की है। विनोद गर्ग ने कहा कि आदर्श रसोई का सालाना कार्यक्रम अपने आप में सफलता का परचम लहरा चुका है। आदर्श रसोई निःस्वार्थ रूप से पिछले डेढ़ वर्षों से लोगों को नाममात्र के शुल्क में थाली परोस रही है। मुझे खुशी है कि मैं भी पुण्य के कार्य में मैं भी एक सहभागी हूँ।






यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आदर्श रसोई के सभी साथियों ने आदर्श रसोई को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत की है। आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों को भी बहुत ही उत्साहपूर्वक रूप से मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है।

संस्थापक समिति के अभिन्न सदस्य हैं विनोद गर्ग आदर्श रसोई की शुरूआत कैसे हुई। कब इसका प्लान बना। इन सभी पहलुओं पर प्रकाश डाला। साथ ही इस मौके पर श्रद्धेय राकेश भारद्वाज को याद कर गर्ग भावुक हो उठे। श्री गर्ग ने बताया कि देखते ही देखते कैसे ये छोटा सा पौधा अब एक फलदार वृक्ष का रूप ले चुका है।

### परिवार सहित शामिल हुए विनोद गर्ग

जन्मदिवस के अवसर पर पूरा गर्ग परिवार राकेश भारद्वाज चौक पर मौजूद रहा। सभी ने एक स्वर में कहा कि जन्मदिन बनाने का अन्नदान से बढ़िया तरीका कोई और नहीं हो सकता।

### लजीज व्यंजनों से सजी थी आदर्श रसोई की थाली

आदर्श रसोई अपने नेक कार्यों के साथ-साथ स्वादिष्ठ, विशेष थाली के लिए भी मशहूर है। इस रविवार विशेष रसोई का आयोजन किया गया। थाली में तंदूरी रोटी, छोले-कढ़ी, आलूमटर, अचार, सलाद, रायता उपलब्ध करवाया गया।









# त्रीनगरः भाजपा जो कहती हैं वह कर-के दिखाती हैंः मुकेश गांधी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र स्थित त्रीनगर वार्ड नंबर 63 से भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश गांधी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियां जनहितैषी नीतियां है। भाजपा ने भी देश की जनता से जो भी वादे किए हैं, उन वादों पर हमेशा ही खरी उतरी हैं, पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में आज भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर



रहा है। वहीं मुकेश गांधी ने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे,वह भी पूरे नहीं हुए है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि आज दिल्ली की जनता पानी की समस्या से जूझ रही है, कई कॉलोनियों में गंदा पानी आ रही है, जिस कारण से लोग बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीदकर पीने पर मजबूर है, बावजूद इसके आप आदमी पार्टी अपने कामों को लेकर ताल ठोकने से बाज़ नही आती हैं।

# साइबर धोखाधड़ी के चीन से जुड़े तार, सीबीआई ने संदिग्धों ठिकानों पर की छापेमारी

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली
सीबीआइ ने एक संदिग्ध चीनी नागरिक से जुड़ी साइबर धोखाधड़ी की जांच अपने हाथ में ले ली है, जिसमें भारतीय नागरिकों को निवेश, ऋण और नौकरी के अवसरों के नाम पर निशाना बनाया गया और उनकी जमा राशि का 137 से अधिक मुखौटा कंपनियों के जरिये गबन किया गया। एजेंसी ने कहा कि बेंगलुरु स्थित एक पेआउट मर्चेंट की भूमिका केंद्र में है, जिसका संबंध संदिग्ध चीनी नागरिक से था।

# कोहाट वार्डः पार्षद ने सफाई अभियान के बाद क्षेत्र में करवाई फॉगिंग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सर्दियों** के दस्तक देते ही मच्छर भी पनपने लगे हैं, जिसको देखते हुए सफाई अभियान ने जोर पकड़ लिया है। चरणबद्ध तरीके से गालियों और नालियों की सफाई का काम किया जा रहा है,ताकि क्षेत्र गंदगी से मुक्त रहे और स्वच्छ व साफ-सुथरा नजर आए। इसी कड़ी में त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले कोहाट वार्ड-61 में पार्षद रवि हंस द्वारा साफ-सफाई के उपरांत वार्ड स्थित श्रीनगर के शकूंतला वाटिका पार्क, शकूरपुर के के ब्लॉक और एल ब्लॉक की साफ-सफाई करवाई गई, जिससे क्षेत्र पूरी तरह से साफ व स्वच्छ सहित गंदगी मुक्त हो सके।

**इलाके में करवाई गई फॉगिंगः** जैसे-जैसे सर्दियां आ रहीं हैं वैसे-वैसे मच्छरों ने भी दस्तक देना शुरू कर दिया हैं, जिसको देखते हुए पार्षद ने वार्ड स्थित महिंद्रा पार्क में फॉगिंग करवाई गई हैं, ताकि मक्खी-मच्छर न पनप सके, वहीं निगम के सफाई कर्मचारी इस मुहिम में जुटे हुए हैं। इस दौरान पार्षद ने कहा कि क्षेत्र के नालों व नालियों को साफ-सुथरा बनाया







जा रहा है, ताकि इनके बंद होने से किसी प्रकार का संक्रमण न फैले, अपितु यह पूरी तरह से साफ रहे।

तो वहीं सफाई होने से जहां यह साफ-सुथरी नजर आएगी, लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। वहीं पार्षद ने कहा कि साफ-सफाई अभियान के तहत मेरे वार्ड के तहत आने वाली नालियां व सड़कों के किनारे फंसा कूड़ा व मलबा हटाने के साथ लोगों को भी सफाई के प्रति जागरूक बनाया जा रहा है।

**पार्षद ने लोगों को किया जागरूकः** उन्होंने आगे बताया कि सही ढंग से सफाई की जा रही है, ताकि सफाई को लेकर लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसी के साथ ही मच्छरों को पनपने से पहले ही क्षेत्र में फॉग मशीन द्वारा धुआं छोड़ा जा रहा हैं, ताकि मक्खी-मच्छर न पनप सके। उन्होंने लोगों से भी आह्वान किया कि वह गलियों, नालियों को साफ रखें, घरों के आगे कूड़ा-कचरा न फेंके या एकत्रित न होने दें, कूड़े को केवल कूड़ेदानों में ही डालें, जो निगम द्वारा विभिन्न स्थलों पर मुहैया करवाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि निगम तो स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए भरसक प्रयास कर रही है, लेकिन निगम को भी लोगों का सहयोग चाहिए, तभी शहर स्वच्छ एवं सुंदर बन सके।

# त्रीनगर : मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के दौरान राजेंद्र जिंदल को एसडीएम ने किया सम्मानित






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी की अपील पर पूरे देश में मेरी माटी-मेरा देश अभियान जोरों-शोरों से चलाया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत देश-भर में अमृत कलश यात्रा निकाली जा रही है। इस दौरान सरस्वती एसडीएम एम भरानी दानिक्स ने भी मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें डा. एम आज़िम अंसारी, डीवाईओ के साथ साथ त्रीनगर जय माता मार्किट आरडब्ल्यूए के प्रधान राजेंद्र जिंदल ने भी हिस्सा लिया।

**राजेंद्र जिंदल और देवीचरण हुए सम्मानितः** कार्यक्रम के दौरान त्रीनगर वार्ड-63 में स्थित जय माता मार्किट के प्रधान राजेंद्र जिंदल और पीयू लायन प्राईवेट लिमिटेड के मालिक देवीचरण मित्तल को सरस्वती विहार के एसडीएम एम भरानी दानिक्स द्वारा सम्मानित किया गया। जानकारी के लिए बतादें कि गत दिनों पहले एसडीएम द्वारा आयोजित त्रीनगर में कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम किया गया था, जिसमें राजेंद्र जिंदल ने भरपूर सहयोग दिया था, वहीं देवीचरण द्वारा कश्मीरी बच्चों को लगभग 160 सैंडल वितरित की गई थी, जिसके बाद आज दोनो को सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजेंद्र जिंदल ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत देश के गांव-गांव से, कोने-कोने से, कलशों में मिट्टी लेकर ये अमृत कलश यात्रा देश की राजधानी दिल्ली पहुचेंगी। कलश में आई मिट्टी से अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। इस दौरान प्रधान राजेंद्र जिंदल के आलावा देवीचरण मित्तल, अजय, विनोद, सुरेश प्रजापति, महामंत्री सुरेंद्र गोयल के साथ साथ आरडब्ल्यूए के अन्य पदाधिकारी भी मोजूद रहे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 22 अक्टूबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# सुभाष रामलीला: सीता हरण, शबरी मिलन, बाली वध रहे मुख्य प्रसंग

## सीता माता के करुरुदन से दर्शकों की आंखें हुई नम, मुख्य अतिथि का स्वागत अभिनंदन पदाधिकारियों ने पटका पहनाकर प्रतीक चिन्ह देकर किया









**नई दिल्ली/ टीम एक्शन इंडिया**

**सुभाष रा**मलीला ड्रामेटिक क्लब के तत्वाधान में नरेला के रामलीला ग्राउंड में हो रही बाहरी दिल्ली की सबसे पुरानी रामलीला में हजारों की संख्या में रामभक्त लीला का आनंद ले रहे हैं। रामलीला में लोग लीला मंचन का आनंद लेने के साथ मेले में झूलों के साथ जायकेदार खान का मजा उठा रहे हैं। सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के प्रधान विष्णु भारद्वाज ने बताया कि सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब द्वारा पिछले 76 वर्षों से भव्य रामलीला का मंचन किया जा रहा है। लेकिन इस बार दर्शकों का उत्साह कहीं ज्यादा है। रोज हजारों की संख्या में राम भक्त रामलीला देखने पहुंच रहे हैं। ऐतिहासिक रामलीला में भव्य दशहरा महोत्सव के दिन हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। सुभाष रामलीला में आज खर दूषण का वध, जटायु मरण, सीता हरण, राम विलाप, शबरी मिलन, सुग्रीव मित्रता रामलीला का मंचन किया गया। जिसमें कलाकारों के अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा। इसके अलावा रावण जटायु युद्ध भी देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे। सातवे दिन की भव्य रामलीला का शुभारंभ प्रसिद्ध समाजसेवी व खेमो देवी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन चौधरी सूरजमल खत्री ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि का स्वागत अभिनंदन पदाधिकारियों ने पटका पहनाकर प्रतीक चिन्ह देकर किया। मुख्य अतिथि चौधरी सूरजमल खत्री ने अपने संबोधन में भगवान राम के आदर्श पर चलने का आह्वान करते हुए सुभाष रामलीला के पदाधिकारियों को भव्य रामलीला आयोजन पर बधाई दी।

**सीता हरण का मंचन देखकर भावुक हुए श्रद्धालु:** रामलीला मंचन में शनिवार को सीता हरण का भावपूर्ण मंचन देख दर्शक भाव विभोर हो गए। लक्ष्मण सूर्पनखा की नाक काट लेता है. वह अपने भाई रावण को जाकर बताती है। रावण क्रोध में आकर सीता का हरण कर लेता है। इससे पहले रावण का मामा मारीच हिरण का रूप लेकर सीता के सामने से गुजरता है। सीता श्री राम जी से हिरण लाने की जिद करती है। श्रीराम उसे लेने जंगल में दूर तक चले जाते हैं। श्रीराम की मदद के लिए माता सीता ने लक्ष्मण को भेजा। तभी रावण साधु का रूप धारण करके माता सीता का हरण कर लेता है। इस मार्मिक दृश्य में माता सीता के करुण रुदन से दर्शकों की आंखें भर आई। इस दौरान रामलीला देखने के लिए दूरदराज से भारी संख्या में दर्शक पहुंचे। इस मौके पर सुभाष रामलीला के प्रधान विष्णु भारद्वाज, संरक्षक लोकेश गर्ग, संरक्षक मोहनपुरी, उप प्रधान धर्मपाल वर्मा,उप प्रधान मोहित गुप्ता, महासचिव संजय बंसल, सचिव संदीप मंगला, लेखाकार अनिल कुमार गर्ग, संगठन सचिव मुकेश बंसल, सुरेश गुप्ता, ऑडिटर डॉ सचिन कौशिक व शुभम रोहिल्ला, विशेष सलाहकार भारत भूषण शर्मा, मैदान पर्यवेक्षक जयपाल रोहिल्ला, चरण सिंह, राकेश खत्री, जयदीप खत्री, रणजीत सिंह, मोहित गौतम सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

**चौधरी सूरजमल खत्री, प्रसिद्ध समाजसेवी एवं चेयरमैन खेमो देवी पब्लिक स्कूल**



प्रभु श्री राम की लीला को जन-जन तक ले जाने का सबसे सशक्त माध्यम रामलीला है। मुझे खुशी है कि सुभाष रामलीला पिछले 76 वर्षों से आज की युवा पीढ़ी को प्रभु श्री राम की लीलाओं और उनकी शिक्षाओं से अवगत कराने में प्रयासरत है।

**धर्मपाल वर्मा, उप प्रधान**



सुभाष रामलीला द्वारा बेहद भव्य स्तर पर लीला का आयोजन किया जा रहा है। दूर-दूर से हजारों की संख्या में लोग लीला देखने आ रहे हैं। सुभाष रामलीला का हर एक सदस्य रामलीला को भव्य बनाने के लिए दिन-रात प्रयासरत है। मुझे भी प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से हर वर्ष सेवा कार्य का मौका मिलता है।










# केवल पार्क रामलीला : शबरी प्रेम और बालि वध का हुआ मंचन

## भगवान श्रीराम ने भ्राता लक्ष्मण के साथ आश्रम में प्रवेश किया तो शबरी उनके चरणों में लेट गई। उसने जल से पांव धोकर आसन पर बैठाया और सरस कंद, मूल, फल अर्पण किए










**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**श्री** आदर्श कला केंद्र, रामलीला कमेटी, केवल पार्क की रामलीला में विभिन्न प्रसंगों का मंझे हुए कलाकारों ने बेहद मनमोहक मंचन किया, जिसे देख दर्शक भावविभोर हो रहे हैं। रामलीला के सातवें दिन शबरी मिलन, राम-सुग्रीव मित्रता व बाली वध का मंचन किया गया।

पहले दृश्य में प्रभु श्रीराम, भाई लक्ष्मण के साथ माता सीता की खोज में जंगल में भटक रहे हैं। दूर से उन्हें जय श्रीराम की आवाज सुनाई दी और पास जाने पर देखते हैं कि वृद्ध महिला कुटी में प्रभु नाम का जप कर रही है। कुटी में प्रवेश करते ही महिला अपना परिचय प्रभु भक्त शबरी के रूप में दी और उसके बाद भक्त और भगवान के भावपूर्ण वातालाप से दर्शक भाव-विभोर हो गए। भगवान श्रीराम ने भ्राता लक्ष्मण के साथ आश्रम में प्रवेश किया तो शबरी उनके चरणों में लेट गई। उसने जल से पांव धोकर आसन पर बैठाया और सरस कंद, मूल, फल अर्पण किए। वहीं, ऋष्यमूक पर्वत पर विराजमान वानर राज सुग्रीव राम और लक्ष्मण को आते देख डर जाते हैं। हनुमान जी को ब्राह्मण का रूप धारण कर उनके बारे में पता लगाने के लिए भेजते हैं। प्रभु श्रीराम को पहचान कर हनुमान जी उनके पैरों में गिर पड़ते हैं। दोनों भाइयों को कंधे पर बैठाकर सुग्रीव के पास ले जाते हैं। श्रीराम के पूछने पर सुग्रीव ने अपने भाई बाली के बारे में बताया कि स्त्री व धन लेकर मुझे भगा दिया है इसलिए मैं यहां निवास करता हूं। बाली को मारने के लिए राम-लक्ष्मण चले जाते हैं। दोनों भाइयों की सूरत एक समान होने से वह बाली को मार नहीं पाते। बाद में सुग्रीव के गले में मोती की माला पहनाकर बाली का वध करते हैं।













**अशोक गर्ग, उपप्रधान:** सभी को प्रभु श्रीराम के बताये हुए मार्ग पर चलना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एक दिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है, इसलिए सभी सत्य की राह पर चले और दूसरों को भी साथ की राह पर चलने के लिए प्रेरित करें। प्रभु श्रीराम सब पर अपनी कृपा बनाए रखें।



**महावीर, उपप्रधान:** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रामलीला मंचन के लिए पूरी टीम बधाई की पात्र है। हम सभी को प्रभु श्रीराम के दिखाए हुए मार्ग पर चलना चाहिए और किसी भी परिस्थिति में सच व धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना। चाहिए प्रभु श्री राम सबका कल्याण करेंगे। सत्य का मार्ग ही सतयुग का मार्ग है।



